

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस समूह

मध्यप्रदेश ■ राजस्थान ■ हरियाणा ■ छत्तीसगढ़ ■ महाराष्ट्र से प्रकाशित



डाक पंजीयन क्रं. डीएलपी 1144/2019-21


5 भारत से हार के बाद बदला पाकिस्तान का गेम प्लान | सम्पादकीय एआई बदलेगा विकास का भविष्य | भारतीय मूल की आशा शर्मा माइक्रोसॉफ्ट गेमिंग की.... 5


वर्ष 12 अंक 355 E-mail: dholpur@hotmail.com | जयपुर, रविवार 22 फरवरी 2026 | ई-पेपर के लिए लॉगऑन करें -www.hindustanexpress.online | मूल्य 2.00 रुपया, पृष्ठ 8

## भारत और ब्राजील ने अगले पांच साल में द्विपक्षीय व्यापार को 20 अरब डॉलर से अधिक करने का लक्ष्य रखा : पीएम मोदी

### ब्राजीली राष्ट्रपति ने पहलगाम आतंकी हमले की निंदा की

आर.एन.एस

**नई दिल्ली।** ब्राजील के राष्ट्रपति लूला डी सिल्वा 18-22 फरवरी तक भारत के राजकीय दौरे पर हैं। उन्होंने पीएम मोदी के साथ द्विपक्षीय बैठक की। इस दौरान लूला डी सिल्वा ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले की निंदा की। उन्होंने यह भी कहा, 'आतंकवाद किसी धर्म या राष्ट्रीयता से जुड़ा नहीं है।'दूसरी ओर भारत और ब्राजील के बीच क्रिटिकल मिनरल्स



और रेयर अर्थ एलिमेंट्स को लेकर समझौता हुआ है। पीएम मोदी ने कहा कि यह समझौता मजबूत सप्लाई चेन बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

उन्होंने कहा कि भारत और ब्राजील ने अगले पांच सालों में द्विपक्षीय व्यापार को 20 अरब डॉलर से अधिक करने का लक्ष्य रखा है।

**चीन की निर्भरता कम करने की तैयारी में भारत-ब्राजील**

क्रिटिकल मिनरल्स और रेयर अर्थ एलिमेंट्स से जुड़ा समझौता दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी का एक प्रमुख हिस्सा है, जो ग्लोबल सप्लाई चेन में चीन की निर्भरता कम करने, ग्रीन एनर्जी ट्रांजिशन को सपोर्ट करने और विकासशील देशों की आवाज को मजबूत करने पर केंद्रित है।यह समझौता दोनों देशों को कच्चे माल के निर्यातक से आगे बढ़ाकर प्रोसेसिंग, वैल्यू एडिशन और रिसाइक्लिंग में भागीदार बनाने पर जोर देता है।

**लूला बोले- ब्राजील को भारत से बहुत उम्मीदें**

ब्राजील के राष्ट्रपति लूला डी सिल्वा ने कहा, 'भारत को लेकर ब्राजील की उम्मीदें बहुत बड़ी हैं। अगर हम साथ मिलकर काम करेंगे, तो भारत-ब्राजील के रिश्ते और मजबूत होंगे। उन्होंने कहा कि दोनों देश मिलकर ग्लोबल साउथ को भी मजबूत करेंगे, ताकि दुनिया को दो बड़ी महाशक्तियों के बीच किसी नए शीत युद्ध जैसी स्थिति का सामना फिर कभी न करना पड़े।

## अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने ट्रम्प के टैरिफ रद्द किए


### ट्रम्प ने 10% नया टैरिफ लगाया, जजों को कलंक कहा

आर.एन.एस

**वॉशिंगटन।** अमेरिका में सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के दुनियाभर के देशों पर लगाए गए टैरिफ को रद्द कर दिया है। कोर्ट के इस फैसले से भारत पर लगा 18% रेसिप्रोकल टैरिफ भी अब अवैध घोषित हो गया है।दरअसल, ट्रम्प ने राष्ट्रीय सुरक्षा का हवाला देते हुए IEEPA कानून का इस्तेमाल कर अप्रैल 2025 में दुनिया के करीब 100 देशों से पर टैरिफ लगाने का ऐलान किया था।

सुप्रीम कोर्ट ने 6-3 के बहुमत से फैसला सुनाते हुए कहा कि ट्रम्प को IEEPA कानून का इस्तेमाल करने का अधिकार नहीं है। यह अधिकार राष्ट्रपति को नहीं, सिर्फ संसद को है।

कोर्ट के इस फैसले के 3 घंटे के



बाद ट्रम्प ने प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने दुनियाभर के देशों पर नए कानून (सेक्शन-122) का इस्तेमाल कर 10% टैरिफ लगाने का ऐलान किया है।

**24 फरवरी से लागू होगा 10% टैरिफ**

ट्रम्प ने एक आदेश पर हस्ताक्षर कर दुनियाभर के देशों पर 10% का टैरिफ लगा दिया है। यह टैरिफ 24 फरवरी से लागू हो जाएगा।

रिपोर्ट के मुताबिक, व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने बताया ब्रिटेन, भारत और यूरोपीय यूनियन समेत अमेरिका के साथ व्यापार समझौते करने वाले देशों को अब 10% टैरिफ का सामना करना पड़ेगा।

यानी कि भारत पर अब टैरिफ 18% की जगह घटकर 10% रह जाएगा।

## अमेरिकी टैरिफ डील : राहुल बोले- मोदी ने विश्वासघात किया

आर.एन.एस

**नई दिल्ली।** अमेरिकी टैरिफ डील पर विपक्ष फिर मोदी सरकार पर हमलावर है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को पीएम मोदी पर समझौता करने का आरोप लगाया। कहा कि उनका विश्वासघात अब उजागर हो चुका है। उन्होंने दावा किया कि पीएम इस व्यापार समझौते में फिर से आत्मसमर्पण कर देंगे।

उधर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि टैरिफ पर अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के फैसले का इंतजार किए बिना मोदी सरकार ने इतनी जल्दबाजी में एक ट्रैप डील में शामिल क्यों हुए, जिसने भारत से भारी रियायतें छीन लीं।

बता दें अमेरिका ने 2 फरवरी को



भारत पर रेसिप्रोकल टैरिफ घटाकर 18% किया था। वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने 20 फरवरी को बताया कि अमेरिका के साथ 'अंतरिम व्यापार समझौता' फरवरी के अंत तक फाइनल हो जाएगा।

शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के ग्लोबल टैरिफ को अवैध बताते हुए रद्द कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने 6-3 के बहुमत से फैसला सुनाते हुए कहा कि संविधान के तहत टैक्स और टैरिफ लगाने का अधिकार राष्ट्रपति को नहीं, सिर्फ संसद को है।



## एआई समिट में युवा कांग्रेस के प्रदर्शन को भाजपा ने बताया अश्लील, रिजिजू बोले- माफी मांगे पार्टी

आर.एन.एस

**नई दिल्ली।** एआई इम्पैक्ट समिट के दौरान भारत मंडपम में भारतीय युवा कांग्रेस के 'शर्टलेस' विरोध प्रदर्शन को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधते हुए, केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने पार्टी नेताओं पर राष्ट्र से माफी मांगने के बजाय इस तरह के 'अश्लील' कृत्य को उचित ठहराने का आरोप लगाया।

राजधानी में पत्रकारों से बात करते हुए रिजिजू ने कहा कि ऐसे समय में जब पूरा वैश्विक समुदाय और तकनीकी नेता भारत में हैं और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के क्षेत्र में देश के नेतृत्व की प्रशंसा कर रहे हैं, कांग्रेस कार्यकर्ता एआई शिखर सम्मेलन स्थल पर 'अश्लील' व्यवहार में लिप्त थे।

रिजिजू ने कहा, 'कल भारत मंडपम में, जब वैश्विक एआई और प्रौद्योगिकी समुदाय के लोग भारत आए थे और भारत की प्रशंसा कर रहे थे, तब भारत के प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत ने विश्व को एकजुट करने और उसे अपने नेतृत्व में आगे बढ़ाने की दिशा में एक बहुत ही सकारात्मक पहल की थी। हर तरफ प्रशंसा हो रही थी, और दुनिया के प्रमुख देशों के राष्ट्राध्यक्ष, सरकार प्रमुख और कई जाने-माने व्यक्तित्व भारत की सराहना कर रहे थे और एकता में मिलकर काम करने की बात कह रहे थे। उन्होंने कहा, 'उस समय, भारतीय युवा कांग्रेस के कुछ कार्यकर्ता वहां आए और अश्लील व्यवहार में लिप्त हुए, और सभी ने तस्वीरें देखी हैं। चाहे कितना भी हो।

## दिल्ली में आतंकी हमले का अलर्ट,लाल किले की सुरक्षा बढ़ाई

आर.एन.एस

**नई दिल्ली।** केंद्रीय खुफिया एजेंसियों से मिले इनपुट के बाद दिल्ली में सिक्योरिटी बढ़ाई गई है। लाल किले के आसपास आईईडी ब्लास्ट की आशंका को लेकर अलर्ट जारी किया है।

खुफिया जानकारी के अनुसार पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा ने भारत के प्रमुख धार्मिक स्थलों को अपने निशाने पर रखा है।

सूत्रों के मुताबिक चांदनी चौक इलाके का मंदिर भी आतंकियों के टारगेट पर है। इसके चलते दिल्ली के प्रमुख धार्मिक और ऐतिहासिक स्थलों पर सुरक्षा बढ़ाई गई है।

हालांकि इन सूचनाओं की अभी जांच की जा रही है, लेकिन एहतियात बरती जा रही है।




**सीसीटीवी निगरानी बढ़ाई गई**

दिल्ली पुलिस और केंद्रीय एजेंसियां मिलकर स्थिति पर नजर रख रही हैं। संवेदनशील इलाकों में छ्टश्ङ्क से निगरानी, वाहनों की जांच और अतिरिक्त सुरक्षाकर्मियों की तैनाती की गई है। साथ ही बम स्क्वॉड, डॉग स्क्वॉड और क्विक रिएक्शन टीमों को तैनात की गई हैं।

सुरक्षा एजेंसियों ने लोगों से सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध वस्तु या गतिविधि की तुरंत पुलिस या आपात सेवाओं को सूचना देने की अपील की है। अधिकारियों ने कहा कि घबराने की जरूरत नहीं है, यह कदम केवल सावधानी के तौर पर उठाए गए हैं।

## 3 राज्यों में एसआईआर की फाइनल लिस्ट पब्लिश : राजस्थान में 5.15 करोड़ छत्तीसगढ़ में 1.87 करोड़ वोटर रजिस्टर्ड

आर.एन.एस

देश के 12 राज्यों-केंद्र शासित प्रदेश में चुनाव आयोग के वोटर लिस्ट के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (स्क्रक्र) का दूसरा फेज अपने अंतिम चरण में है। शनिवार को राजस्थान, छत्तीसगढ़ और केरल की फाइनल वोटर लिस्ट पब्लिश हुई। राजस्थान में 5.15 करोड़, छत्तीसगढ़ में 1.87 करोड़ और केरल में 2.69 करोड़ वोटर के नाम फाइनल वोटर लिस्ट में है।

अब तक कुल 6 राज्यों-ज्ञ की फाइनल लिस्ट आ चुकी है। आज गोवा और अंडमान-निकोबार की लिस्ट भी आ सकती है। इससे पहले लक्षद्वीप, पुडुचेरी और गुजरात की अंतिम मतदाता सूची जारी हुई थी। 23 फरवरी को तमिलनाडु और मध्य प्रदेश की लिस्ट आएगी।

उत्तर प्रदेश-राजस्थान समेत 12 राज्यों में स्क्रक्र प्रक्रिया 27 अक्टूबर



2025 से शुरू हुई थी। 23 दिसंबर 2025 से 22 जनवरी तक नाम जोड़ने, हटाने और सुधार के लिए आवेदन लिए गए, जिनका निपटारा करने के बाद फाइनल वोटर लिस्ट पब्लिश की जा रही है। 12 राज्यों-ज्ञ में वोटर लिस्ट के स्क्रक्र में करीब 51 करोड़ मतदाता शामिल हैं।

**नाम जोड़ने-हटाने की प्रक्रिया आगे भी जारी रहेगी**

वोटर लिस्ट में नाम जोड़ने, हटाने का काम जारी रहेगा। बीएलओ के पास फॉर्म भरकर अब भी वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाया जा सकता है। इसके लिए फॉर्म 6 भरना होगा। वोटर पोर्टल पर जाकर ऑनलाइन भी नाम जुड़वा सकते हैं।



## अजित पवार के भतीजे का आरोप- प्लेन क्रैश बड़ी साजिश, दुर्घटना के समय कई धमाके हुए थे

आर.एन.एस

**नई दिल्ली।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार गुट) के विधायक रोहित पवार ने शनिवार को अजित पवार के प्लेन क्रैश पर फिर सवाल उठाए। उन्होंने दिल्ली में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में स्क्रीन पर डेटा और फोटो दिखाए।

उन्होंने कहा कि ब्लैक बॉक्स को लेकर शक जताया जा रहा था। उनके मुताबिक, दुर्घटना के समय सिर्फ एक धमाका नहीं हुआ था, बल्कि कई धमाके हुए थे।

विमान में सामान रखने वाली जगह पर अतिरिक्त पेट्रोल के डिब्बे रखे गए थे, जिससे आग भड़की। सभी पहलुओं की गहराई से जांच होनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि अगर साजिश की बात करें तो यह दो तरह की हो सकती है, राजनीतिक या व्यावसायिक। अभी यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि इस मामले में किस तरह की साजिश शामिल है।

महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार की 28 जनवरी को बारामती में प्लेन क्रैश में मौत हो गई थी। यह प्लेन वीएसआर कंपनी का था।

## बस-वैन में आमने-सामने की भिड़ंत में 5 की मौत

### भिंड में नेशनल हाईवे पर गाड़ी के परखच्चे उड़े

आर.एन.एस

**नई दिल्ली।** भिंड में शुक्रवार देर रात बस और वैन आमने-सामने भिड़ गए। हादसे में 5 लोगों की मौत हो गई, जबकि 6 अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हैं। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वैन पूरी तरह पिचक गई। उसमें सवार लोग अंदर ही फंस गए। हादसा गोहद चौराहा थाना अंतर्गत छींमका गांव के पास नेशनल हाईवे-719 पर रात 2.30 बजे हुआ। गोहद चौराहा थाना प्रभारी मनीष धाकड़ के अनुसार, ईको वैन ग्वालियर से सवारियों को लेकर भिंड की ओर आ रहा था, जबकि बस भिंड से ग्वालियर की ओर जा रही थी। हादसे में चार लोगों की



मौके पर ही मौत हो गई। एक ने अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ा। वहीं, घायलों को एम्बुलेंस से ग्वालियर रेफर किया गया।

जयारोग्य हॉस्पिटल में उनका इलाज चल रहा है।

टीआई मनीष धाकड़ ने बताया कि सभी मृतकों की पहचान हो गई है। इनमें प्रदीप प्रजापति पुत्र रामप्रकाश, उसका भांजा अतुल शिवहरे निवासी फूप और जगदीश भदौरिया निवासी स्योंड़ा गांव अकोड़ा और आनंद भदौरिया पुत्र मुकेश भदौरिया निवासी परसोना गांव हैं। वैन चालक की पहचान गोहद के इटाली गांव के रहने वाले भरत तिवारी के रूप में हुई।

## प. बंगाल में एसआईआर : हर सीट पर औसतन 19 हजार नाम हटे

### टीएमसी बोली- सवा करोड़ बंगाली लाइन में लगे

आर.एन.एस

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में दो-तीन माह ही बचे हैं। यहां अभी भाषण और रैलियों का शोर नहीं है। लेकिन, सियासत भरपूर गर्म है। कोलकाता के न्यू मार्केट से चांदनी चौक, न्यू टाउन से जेसप बिल्डिंग और मुर्शिदाबाद के बेलडांगा से बर्द्धमान तक करीब 600 किमी के सफर में साफ हो गया कि अभी वोटर लिस्ट ही चुनावी रणभूमि बनी हुई है।कोलकाता के एक वरिष्ठ पत्रकार कहते हैं कि ममता बनर्जी ने स्क्रक्रकी लड़ाई सुप्रीम कोर्ट ले जाकर अपनी जुझारू छवि फिर हाईलाइट की है। टीएमसी उनके सुप्रीम कोर्ट के



वीडियो वायरल कर रही है। जगह-जगह ममता की काले कोट में होर्डिंग लगे हैं। भाजपा स्क्रक्रको घुसपैठियों के खिलाफ लड़ाई बता रही थी। पर, 'लॉजिकल डिस्क्रिपेंसी' यानी विसंगति के आधार पर जारी सवा करोड़ बंगाली लाइन में लग गए हैं। हर सीट पर औसतन 19 हजार से ज्यादा नाम हटे हैं।

टीएमसी प्रवक्ता कुणाल घोष कहते हैं, भाजपा ने स्क्रक्र से हमारी लड़ाई आसान कर दी। 15 साल की सत्ता की कुछ एंटी-इंकंबेंसी होगी, तो खत्म हो गई। एसआईआर भाजपा के लिए उल्टा तीर हो गया। वे फील्ड में नहीं जा पा रहे।

## मायावती-अखिलेश बोले- एआई समिट में कांग्रेस का प्रदर्शन गलत

नई दिल्ली। सपा प्रमुख अखिलेश यादव और बसपा चीफ मायावती ने दिल्ली के भारत मंडपम में एआई समिट में शुक्रवार को कांग्रेस के प्रदर्शन को गलत बताया है। अखिलेश ने कहा, जब दुनियाभर से डेलीगेट्स आये हो तो ऐसा हंगामा नहीं करना चाहिए। सरकार से लड़ाई हमारा इंटर्नल मामला है, फॉरेन डेलीगेट्स के सामने हमारे देश का अपमान होता है। मायावती ने एक्स पर लिखा- कांग्रेस का प्रदर्शन निन्दनीय है। अगर यह सम्मेलन अन्तर्राष्ट्रीय स्तर का नहीं होता तो अलग बात थी, लेकिन ढ्ढ समिट के दौरान ऐसा व्यवहार करना चिन्ता की बात है। इधर, कांग्रेस के एआई समिट में हंगामा करने के विरोध में भाजपा ने दिल्ली, महाराष्ट्र, गुजरात, बिहार, तेलंगाना और जम्मू-कश्मीर में प्रदर्शन किया।

## नासा ने माना- सुनीता का अंतरिक्ष में फंसना खतरनाक था

### इसे कल्पना चावला के साथ हुए हादसे जैसा माना

आर.एन.एस

**नई दिल्ली।** अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा ने माना कि सुनीता विलियम्स का अंतरिक्ष में फंसना खतरनाक था। नासा ने इस मिशन को दुर्घटना की टाइप ए कैटेगरी में रखा गया है। इसी कैटेगरी को दुर्घटना की सबसे गंभीर कैटेगरी माना जाता है। चैलेंजर और कोलंबिया शटल दुर्घटनाओं के लिए भी इसी कैटेगरी का इस्तेमाल किया गया था। कोलंबिया शटल दुर्घटना में ही भारत की अंतरिक्ष यात्री कल्पना चावला का निधन हुआ था।19 फरवरी 2026 को जारी 311 पेज की रिपोर्ट में नासा के प्रशासक जेरेड इसाकमान ने लिखा- सुनीता विलियम्स के मिशन में गंभीर खामियां थीं। उन्होंने कमियों को नजरअंदाज करने के लिए एजेंसी



और बोइंग की कड़ी आलोचना की।

दरअसल, सुनीता विलियम्स साल 2024 में 8 दिन के मिशन पर अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पहुंची थीं, लेकिन तकनीकी कारणों से उनकी वापसी में 9 महीने से ज्यादा समय लग गया था।

**जनवरी में सुनीता विलियम्स ने 27 साल बाद रिटायरमेंट लिया**

नासा की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स ने 27 साल के बाद रिटायरमेंट लिया है। उनका रिटायरमेंट 27 दिसंबर 2025 से लागू हुआ। हालांकि नासा ने इसकी घोषणा 20 जनवरी को की थी।सुनीता 27 साल पहले 1998 में नासा से जुड़ी थीं। उन्होंने नासा के 3 मिशन में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने अंतरिक्ष में 608 दिन बिताए। पहली बार वह 9 दिसंबर 2006 में अंतरिक्ष में गई थी।

# कॉनकोर ने रेलवे से जीता क्रिकेट मैच

**गणपति नगर मैदान में दूधिया रोशनी में खेला गया मुकाबला**

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री अमित सुदर्शन के अनुसार रेलवे टीम एवं कॉनकोर के बीच शुक्रवार दिनांक 20.02.2026 को गणपति नगर रेलवे कॉलोनी स्थित क्रिकेट मैदान में दूधिया रोशनी में खेले गए मुकाबले में कॉनकोर ने बेहतरीन टीम प्रदर्शन करते हुए 4 विकेट से जीत दर्ज की।

यह मैच खेल भावना, अनुशासन और प्रतिस्पर्धात्मक क्रिकेट का उत्कृष्ट उदाहरण रहा।

टॉस जीतकर कॉनकोर के कप्तान विजय सिंह ने पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया।

पहले बल्लेबाजी करते हुए रेलवे टीम ने 18.2 ओवर में 123 रन बनाए। रेलवे की ओर से नागेंद्र सेहरा ने 31 गेंदों पर 49 रन की जुझारू पारी खेली। कॉनकोर की ओर से कप्तान विजय सिंह ने उत्कृष्ट गेंदबाजी करते हुए 4 ओवर में 20 रन देकर 4 विकेट झटके। इसके अतिरिक्त अमित यादव ने 4 ओवर में 19 रन देकर 3 विकेट लेकर रेलवे की बल्लेबाजी को दबाव में रखा।लक्ष्य का पीछा करते हुए कॉनकोर ने 13 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 124 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम किया। बल्लेबाजी में सोनू कुमावत ने 29 गेंदों पर 73 रन की शानदार पारी खेली, जिसमें 10 चौके और 4 छक्के शामिल थे।



# खाटूश्याम फागुन मेले के लिए 26वीं पैदल यात्रा रवाना

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** खाटूश्यामजी के फागुन मेले के अवसर पर शुक्रवार को श्री श्याम मित्र मंडल, निवारू रोड की ओर से 26वीं पैदल यात्रा श्री संकट हरण हनुमान मंदिर, झोटवाड़ा से रवाना हुई। यात्रा में क्षेत्र के लगभग 500 श्रद्धालु शामिल हुए, जो पैदल खाटूश्याम के लिए प्रस्थान कर रहे हैं।यात्रा के शुभारंभ अवसर पर श्री राधे राधे मां पुष्पा फाउंडेशन द्वारा बोरिंग चौराहा, कालवाड़ रोड पर स्वागत शिविर लगाया गया। शिविर में रथ में विराजित खाटूश्याम की पूजा-अर्चना की गई।

इसके बाद पैदल यात्रियों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया तथा यात्रियों को आइसक्रीम वितरित की गई।

आयोजन में राम किशन शर्मा, वंदना शर्मा, उमाशंकर शर्मा, विजयलक्ष्मी शर्मा, कैलाश गुप्ता, सुरेंद्र सिंह, राजवीर सिंह, जान्हवी कंवर और महेश अग्रवाल सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



# शिशु वाटिका के 116 बच्चों को पिलाया स्वर्ण प्राशन अर्क

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**उदयपुरवाटी।** कस्बे के शिशु वाटिका आदर्श विद्या मंदिर में शनिवार को बच्चों के सर्वांगीण स्वास्थ्य लाभ हेतु 'स्वर्ण प्राशन अर्क' पिलाने का कार्यक्रम आयोजित किया गया। पुष्प नक्षत्र के विशेष संयोग पर आयोजित इस कार्यक्रम में संस्था प्रधान श्याम सुंदर शर्मा ने 116 भैया-बहिनों को अर्क का सेवन कराया। संस्था प्रधान श्याम सुंदर शर्मा ने स्वर्ण प्राशन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इससे शिशु तेजस्वी, ओजस्वी और मेधावी बनता है। यह बच्चों की इम्युनिटी और पाचन शक्ति को बढ़ाता है। स्मरण शक्ति, साहस और शौर्य के गुणों का विकास होता है, बदलते मौसम की बीमारियों से सुरक्षा मिलती है।

यह अर्क जन्म से लेकर 12 वर्ष तक के बच्चों के लिए अत्यंत लाभकारी माना गया है। कार्यक्रम के सफल आयोजन में आचार्या कृष्णा शर्मा, गुड्डी सैनी, अन्नपूर्णा स्वामी, संगीता शर्मा, पूजा मीणा का विशेष सहयोग रहा।




# लिसोड़ा के संरक्षण और संवर्धन के लिए व्यापक कार्य शुरू किए गए

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** राज्य सरकार के एक जिला-एक वनस्पति प्रजाति अभियान के अंतर्गत जयपुर जिले में लिसोड़ा के संरक्षण और संवर्धन के लिए व्यापक कार्य शुरू किए गए हैं। पंच गौरव योजना के तहत संचालित इस पहल का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करना है।

जिला प्रशासन द्वारा पौधरोपण, नर्सरी सुदृढ़ीकरण और जनभागीदारी के माध्यम से अभियान को लागू किया जा रहा है।मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में अभियान को राज्य स्तर पर गति मिली है। जयपुर में जिला प्रशासन ने लिसोड़ा को चयनित प्रजाति के रूप में विकसित करने की कार्ययोजना तैयार की है। जिला कलक्टर जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देशन में विभिन्न विभागों के समन्वय से कार्यक्रम संचालित हो रहा है। अतिरिक्त जिला कलक्टर विनीता सिंह के अनुसार वन विभाग की नर्सरियों में 1 लाख 20 हजार लिसोड़ा पौधे तैयार कर जुलाई से सितम्बर 2025 के बीच वितरित किए गए। इसके अलावा 485 पंचायत पौधशालाओं में भी लिसोड़ा के पौधे विकसित कर रोपित किए गए हैं। प्रत्येक ग्राम पंचायत, नगर परिषद और नगरपालिका क्षेत्र में 100-100 पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए उपखण्ड अधिकारियों से भूमि चिन्हित कर प्रस्ताव आमंत्रित किए गए। अभियान के तहत 110.34 हेक्टेयर भूमि पर सघन पौधरोपण किया गया है।

ग्राम पंचायत स्तर पर पौधों के संरक्षण और विकास की व्यवस्था की गई है।

# भारत निर्वाचन आयोग के विशेष पुनरीक्षण के बाद जयपुर की अंतिम मतदाता सूची जारी

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**जयपुर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 कार्यक्रम के तहत जयपुर जिले की अंतिम मतदाता सूची 21 फरवरी 2026 को प्रकाशित कर दी गई। पुनरीक्षण प्रक्रिया 4 नवंबर 2025 से 11 दिसंबर 2025 तक संचालित गणना चरण के बाद पूरी की गई। प्रारूप मतदाता सूची 16 दिसंबर 2025 को जारी की गई थी।

प्रारूप प्रकाशन के समय जयपुर जिले में कुल 42,87,103 मतदाता दर्ज थे। आयोग के कार्यक्रमानुसार 16 दिसंबर 2025 से 19 जनवरी 2026 तक दावे एवं आपत्तियाँ आमंत्रित की गईं। इस अवधि में जिले में 1,57,431 फॉर्म-6/6ए, 21,436 फॉर्म-7 तथा 47,834 फॉर्म-8 प्राप्त हुए। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों ने प्राप्त आवेदनों की सूचियाँ निर्धारित प्रपत्रों में तैयार कर प्रत्येक कार्य दिवस को संबंधित कार्यालयों के नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित कीं। साप्ताहिक आधार पर दावे और आपत्तियों की जानकारी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ साझा की गई। साथ ही सूचियाँ जिला निर्वाचन अधिकारी और मुख्य निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट पर ऑनलाइन उपलब्ध कराई गईं।

सभी दावे और आपत्तियों के निस्तारण के बाद 21 फरवरी 2026 को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित की गई। प्रारूप सूची की तुलना में 3.45 प्रतिशत वृद्धि के साथ जिले में कुल मतदाताओं की संख्या बढ़कर 44,35,111 हो गई है। इनमें 23,04,523 पुरुष, 21,30,509 महिला और 79 ट्रांसजेंडर मतदाता शामिल हैं। अंतिम मतदाता सूची-2026 की एक फोटो रहित सॉफ्ट कॉपी और एक हार्ड कॉपी सभी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को निःशुल्क उपलब्ध कराई गई है। मतदाता सूची जिला निर्वाचन अधिकारी, जयपुर की वेबसाइट, मुख्य निर्वाचन अधिकारी, राजस्थान की वेबसाइट तथा निर्वाचन आयोग के मतदाता पोर्टल पर ऑनलाइन उपलब्ध है। मतदाता ईपीआईसी सर्च के माध्यम से अपना नाम ऑनलाइन देख सकते हैं।

# विराट हिंदू सम्मेलन के जनजागरण के लिए जगदंबा सर्कल से निकली वाहन रैली



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** प्रातः जगदंबा सर्किल से विराट हिंदू सम्मेलन के समर्थन में भव्य वाहन रैली का शुभारंभ किया गया। वरिष्ठ समाजसेवी रामावतार पालीवाल ने बताया की रैली में सैकड़ों दोपहिया एवं चारपहिया वाहन भगवा ध्वज एवं बैनरों से सुसज्जित होकर शामिल हुए। रैली जगदंबा सर्कल से प्रारंभ होकर जगदंबा नगर ए बी सी डी जगदंबा बिहार , विष्णु विहार गणेश नगर, हनुमान वाटिका विकास नगर, जगदीशपुरी, होती हुई दशहरा मैदान रजनी विहार पहुंची। पूरे मार्ग में 'जय श्रीराम' और 'भारत माता की जय' के उद्घोष से वातावरण गुंजायमान हो उठा। नगरवासियों ने विभिन्न स्थानों पर पुष्पवर्षा कर रैली का स्वागत किया।

यह वाहन रैली आगामी 22 फरवरी को दशहरा मैदान, रजनी विहार, जयपुर में आयोजित होने वाले विराट हिंदू सम्मेलन के प्रचार-प्रसार एवं जनजागरण के उद्देश्य से निकाली गई। आयोजन समिति के सदस्यों ने नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में सम्मेलन में उपस्थित रहने का आह्वान किया।

इस अवसर पर गोपाल शर्मा, राजेंद्र ओरिया, शंकर बागड़ा, दिनेश शर्मा, ललित यादव सुनील शर्मा विशाल यादव सहित अनेक गणमान्यजन एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# हम्मीर ब्रिज पर जाम से राहत दिलाने में जुटी यातायात पुलिस, चौड़ीकरण कार्य के बाद मिलेगी स्थायी राहत

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस




**सवाई माधोपुर।** जिला मुख्यालय स्थित हम्मीर ब्रिज पर पिछले कई वर्षों से जाम की समस्या बनी हुई है, लेकिन यातायात पुलिस के जवान लगातार मुस्तैदी के साथ व्यवस्था संभालते हुए आमजन को राहत दिलाने में जुटे नजर आते हैं। पुलिसकर्मी दिनभर मौके पर तैनात रहकर वाहनों को सुचारु रूप से निकालने का प्रयास करते हैं, ताकि अनावश्यक जाम की स्थिति पैदा न हो और लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़े।

इन दिनों शादी समारोह के सीजन के चलते वाहनों की संख्या बढ़ने से सुबह से ही जाम के हालात बनने लगते हैं, जिससे आमजन को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इसके बावजूद यातायात पुलिसकर्मी धैर्य और सक्रियता के साथ यातायात को नियंत्रित कर स्थिति सामान्य बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

वहीं हम्मीर ब्रिज के चौड़ीकरण का कार्य वर्तमान में प्रगति पर है। चौड़ीकरण पूरा होने के बाद जाम की समस्या में काफी हद तक स्थायी समाधान होने की उम्मीद जताई जा रही है, जिससे आमजन के साथ-साथ यातायात पुलिस को भी राहत मिलेगी।

हालांकि निर्माण कार्य के चलते ब्रिज पर सड़क पर गिट्टियां फैली होने से दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। ऐसे में संबंधित ठेकेदार द्वारा सड़क पर फैली सामग्री को समय पर हटवाया जाना आवश्यक है, ताकि संभावित हादसों से बचाव किया जा सके।

# बागोरा स्कूल की घटिया छत मरम्मत पर भड़के ग्रामीण जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो करेंगे कलेक्ट्रेट घेराव

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**खंडार।** खंडार तहसील क्षेत्र के कुरेड़ी पंचायत स्थित बागोरा के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में छत मरम्मत कार्य को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। जिले में स्वीकृत बजट से जर्जर स्कूल भवनों की मरम्मत का कार्य जारी है, लेकिन बागोरा विद्यालय में हुए कार्य ने गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।दिसंबर 2025 में विद्यालय की छत की मरम्मत करवाई गई थी। ग्रामीणों का आरोप है कि ठेकेदार ने मापदंडों को दरकिनार कर घटिया मेटेरियल से केवल लीपापोती की। 24 दिसंबर को जब ग्रामीणों को इसकी जानकारी मिली तो वे विद्यालय पहुंचे और विरोध जताया। ग्रामीणों ने मरम्मत की गई छत को हल्के प्रहार से जांचा तो सामग्री आसानी से उखड़ गई। इससे लोगों में रोष और बढ़ गया।

**ग्रामीणों की शिकायत के 2 महीने बाद भी नही ली सुध**

ग्रामीणों का कहना है कि दो महीने पहले ही उन्होंने इस घटिया निर्माण की पोल खोल दी थी। शिक्षा विभाग और एईएन ने मौके पर आकर गुणवत्तापूर्ण पुनः मरम्मत का आश्वासन दिया था, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। न तो अधिकारी दोबारा निरीक्षण के लिए पहुंचे और न ही छत की मरम्मत दोबारा कराई गई।

स्थिति यह है कि विद्यालय में सुरक्षित कक्ष उपलब्ध नहीं होने से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। ग्रामीणों ने अपने सहयोग से निजी मकान में कुछ कक्षाओं का संचालन शुरू कर रखा है ताकि शिक्षण व्यवस्था बाधित न हो।

**जल्द गुणवत्ता पूर्ण कार्य नही कराया तो करेंगे कलेक्ट्रेट का घेराव**

ग्रामीणों ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही घटिया निर्माण पर रोक लगाकर छत की गुणवत्तापूर्ण मरम्मत नहीं कराई गई तो वे जिला कलेक्ट्रेट का घेराव करेंगे। उनका कहना है कि सरकारी धन की बर्बादी और बच्चों की सुरक्षा से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

**इनका कहना....**

'छत की मरम्मत में घटिया मेटेरियल उपयोग किए जाने की सूचना उच्च अधिकारियों को लिखित में दे दी गई है, लेकिन अब तक समाधान नहीं हो पाया है। '

**राजमल जाट,** कार्यवाहक हेडमास्टर, राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बागोरा।

# स्व. अमित दीक्षित की प्रथम पुण्यतिथि पर विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** स्व. अमित दीक्षित की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर अपने सपने फाउंडेशन' एवं मित्र मंडली के संयुक्त तत्वावधान में 22 फरवरी 2026 (रविवार) को एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक पंचेश्वर महादेव मंदिर, अनीता कॉलोनी मुख्य द्वार, गांधी नगर रेलवे स्टेशन, जयपुर में आयोजित होगा। कार्यक्रम संयोजक घनश्याम भार्गव ने बताया कि यह रक्तदान शिविर स्वर्गीय अमित दीक्षित की स्मृति में मानव सेवा के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है, ताकि जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराया जा सके। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवाओं एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं के सहभागिता की उम्मीद है। 'अपने सपने फाउंडेशन' के प्रतिनिधियों ने शहरवासियों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस पुनीत कार्य में भाग लें और रक्तदान कर किसी की जिंदगी बचाने में सहयोग करें। शिविर से संबंधित अधिक जानकारी हेतु नीरज,हिमांशु मीणा,ललित,शिज्जू और शैलेश से 9602389234, 9828530054 पर संपर्क किया जा सकता है।


# सिद्धि विनायक हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर' का आज होगा भव्य शुभारंभ

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**उदयपुरवाटी।** कस्बे के जयपुर रोड़ स्थित राजकीय अस्पताल के पास आज रविवार को चिकित्सा के क्षेत्र में एक नए अध्याय की शुरुआत होने जा रही है। सिद्धि विनायक हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर का भव्य उद्घाटन प्रातः 10:15 बजे विधि-विधान के साथ किया जाएगा। हॉस्पिटल के डायरेक्टर विकास कुमार योगी ने बताया कि संस्थान का शुभारंभ अखिल भारतीय नाथ सम्प्रदाय के मठाधीश योगी पीर रामनाथ महाराज भृतहरि गुफा, उज्जैन के कर-कमलों द्वारा संपन्न होगा।

इस अवसर पर क्षेत्र के कई गणमान्य लोग भी उपस्थित रहेंगे।यह हॉस्पिटल कस्बे का ऐसा पहला स्वास्थ्य केंद्र होगा जहाँ मरीजों को 24 घंटे किफायती दरों पर परामर्श और जांच की सुविधाएं मिलेगी। अस्पताल में 24 घंटे इमरजेंसी और क्रिटिकल केयर, आईसीयू, एनआईसीयू, वेंटिलेटर और डायलिसि, अत्याधुनिक ऑपरेशन थिएटर, सामान्य एवं सिजेरियन डिलीवरी, यूरोलॉजी और सामान्य सर्जरी। जिसमें ऑर्थोपेडिक (हड्डी रोग), न्यूरो केयर, ईएनटी (नाक-कान-गला), दंत रोग और नेत्र रोग विशेषज्ञ होगें। अल्ट्रासाउंड सोनोग्राफी, फिजियोथैरेपी और डे-केयर यूनिट विशेष सुविधाएं होगी।

उन्होंने बताया कि 'हमारा लक्ष्य उदयपुरवाटी व आस-पास के ग्रामीणों को इलाज के लिए मरीजों को बड़े शहरों की ओर दौड़ने से



# प्रशासक राठौड़ का बोर्ड परीक्षा में आकस्मिक निरीक्षण

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान अजमेर के प्रशासक आईएएस शक्तिसिह राठौड़ ने शुक्रवार को बोर्ड परीक्षा के दौरान जयपुर के परीक्षा केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया। जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक मुख्यालय सुनील कुमार सिंघल ने बताया कि बोर्ड परीक्षा के दौरान जयपुर के परीक्षा केन्द्रों का औचक निरक्षण किया। डीईओ सिंघल बताते हैं कि निरीक्षण के दौरान प्रशासक ने आदर्श विद्या मंदिर झोटवाड़ा, शहीद मेजर विजय सिह सुमाल राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खातीपुरा तथा शहीद मेजर आलोक माथुर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय झोटवाड़ा जयपुर का निरीक्षण किया। एडीओ माध्यमिक दिलीप कुमार शर्मा ने बताया कि निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा इस निरीक्षण का उद्देश्य परीक्षा की प्रक्रिया की निगरानी करना और यह सुनिश्चित करना कि परीक्षा निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से आयोजित की जा रही हैं। निरीक्षण के दौरान कोई भी अनियमितता नहीं पाई गई और परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से आयोजित की जा रही हैं। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी मा.जयपुर दिलीप कुमार शर्मा साथ रहे।



# विमुक्त, घुमन्तू एवं अर्द्ध घुमन्तू समाज का महासम्मेलन आज

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** विमुक्त, घुमन्तू एवं अर्द्ध घुमन्तू समाज के अधिकारों, समस्याओं एवं समग्र उत्थान को लेकर विमुक्त, घुमन्तू एवं अर्द्ध घुमन्तू जनाधिकार समिति, जयपुर (राजस्थान) के तत्वावधान में 22 फरवरी 2026 (रविवार) को अंबाबाड़ी स्थित आदर्श विद्या मंदिर सभागार में अधिकारी-कर्मचारी एवं प्रबुद्धजन महासम्मेलन का भव्य आयोजन किया जाएगा। सम्मेलन प्रातः 9 बजे से सायं 4 बजे तक दो सत्रों में आयोजित होगा।

कार्यक्रम संयोजक राकेश बिदावत ने बताया कि इस महासम्मेलन में राजस्थान भर से हजारों अधिकारी, कर्मचारी एवं समाज के प्रबुद्धजन सहभागिता करेंगे। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य समाज से जुड़ी शिक्षा, दस्तावेज, आवास, रोजगार एवं प्रशासनिक समस्याओं पर गंभीर मंथन करना है। अधिकारी-कर्मचारी वर्ग की समस्याओं को संकलित कर माननीय मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा, जिससे समाज के हित में ठोस नीतिगत निर्णय लिए जा सकें।

उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राजस्थान के माननीय मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। वहीं मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्रीय कार्यकारिणी सदस्य श्री हनुमान सिंह जी तथा क्षेत्र घुमन्तु कार्य संयोजक श्री महावीर प्रसाद शर्मा विभिन्न सत्रों में मार्गदर्शन प्रदान करेंगे।

इस अवसर पर समाज के



# बजरिया सब्जी मंडी के पास बना डंपिंग यार्ड बना आमजन के लिए मुसीबत

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**सवाई माधोपुर।** शहर में स्वच्छता व्यवस्था को लेकर नगर परिषद के दावों की पोल उस समय खुलती नजर आ रही है, जब जिला मुख्यालय के बजरिया क्षेत्र में सब्जी मंडी के पास बनाया गया अस्थायी कचरा डंपिंग यार्ड आमजन के लिए परेशानी का सबब बन गया है। यहां लगे कचरे के ढेर से उठने वाली तेज दुर्गंध ने सब्जी विक्रेताओं और खरीदारी करने आने वाले लोगों का जीना दूभर कर दिया है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि लंबे समय से यहां से कचरे का नियमित उठाव नहीं हो रहा, जिसके कारण आसपास की सड़कों और खाली स्थानों पर भी गंदगी फैलती जा रही है। हालात यह हैं कि दिनभर बदबू के कारण क्षेत्र में खड़ा होना मुश्किल हो जाता है, वहीं मच्छर-मक्खियों का प्रकोप बढ़ने से मौसमी बीमारियों का खतरा भी मंडरा रहा है।लोगों ने बताया कि शहर के बीचों-बीच बना यह कचरा डंपिंग यार्ड स्वच्छता अभियान के दावों पर सवाल खड़े कर रहा है। कई बार नगर परिषद को शिकायत करने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं होने से आमजन में रोष व्याप्त है।स्थानीय नागरिकों और व्यापारियों ने नगर परिषद अधिकारियों से मांग की है कि डंपिंग यार्ड को जल्द अन्य स्थान पर शिफ्ट किया जाए तथा क्षेत्र में नियमित कचरा उठाव और सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि आमजन को स्वच्छ वातावरण मिल सके।

# पंच परमेष्ठी मंडल विधान का किया पूजन

**सवाईमाधोपुर।** श्रीमाल जैन समाज के धर्मावलम्बियो ने में जगत कल्याण की कामनार्थ शनिवार को पंच परमेष्ठी मंडल विधान का श्रद्धा-भक्ति पूर्वक पूजन किया गया। इस दौरान वातावरण पंच परमेष्ठी की भक्ति के रंग से सराबोर था। प्रवक्ता प्रवीण जैन ने बताया कि इस मौके पर अहिंसा सर्किल आलनपुर स्थित दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र चमत्कारजी में ब्रह्मचारी मुकेश भैया (अशोक नगर,मध्य प्रदेश) के मंत्रोचार के बीच पंच परमेष्ठी मंडल विधान का अष्ट द्रव्यो से पूजन कर पंच परमेष्ठी का गुणगान करते हुए मंडल पर श्रीफलयुक्त 160अर्घ्य समर्पित किये। विधान पूजन कर अहिंसा धर्म का पालन कर विनय धारण करने का संदेश दिया। इससे पूर्व पं.आशीष जैन शास्त्री के मंत्रोचार के साथ पवन -ममता जैन श्रीमाल ने मंडल पर मुख्य मंगल कलश,सुनील-संगीता जैन व नीता जैन ने शांति कलश स्थापित किए। वहीं सात्विक जैन व सम्यक जैन ने मंगल दीपक की विधिवत स्थापना की गई।पूजन के दौरान गायक विनय पापड़ीवाल,अनीता जैन,सुनीता जैन व ऊषा जैन ने एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत कर पूजार्थियों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

# बाड़ी : सद्धेश्वर मंदिर पर भागवत कथा एवं कलाश शोभायात्रा का आयोजन

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस




**बाड़ी।** शहर के चेतन नगर के सिद्धेश्वर महादेव मंदिर पर शनिवार से सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। जिसको लेकर शहर में कलश एवं शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। यह शोभायात्रा शहर की काली माई मंदिर से शुरू हुई जो प्रमुख मार्गो से होते हुए चेतन नगर स्थित भगवान सिद्धेश्वर के मंदिर पहुंची। जहां भागवत आचार्य पंडित कृष्णा शास्त्री वृंदावन धाम द्वारा कथा वाचन शुरू किया है। प्रतिदिन कथा का आयोजन दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक किया जाएगा।

कथा आयोजन को लेकर परीक्षित बने श्रीराम बंसल और उनकी पत्नी शारदा देवी ने बताया कि भगवान सिद्धेश्वर और माता सिद्धेश्वरी की कृपा से 17वीं बार सामूहिक सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन मंदिर पर समस्त भक्तजनों द्वारा किया जा रहा है। कथा का वाचन श्रीधाम वृंदावन से आए पंडित कृष्णा शास्त्री कर रहे है। जिन्होंने प्रथम दिन भागवत कथा के महत्व की जानकारी दी साथ में बताया की भागवत कथा का रसपान करने से किस प्रकार कलयुग में पाप का नाश होता है। हमें समय निकालकर भागवत जैसी कथा का श्रवण अवश्य करना चाहिए।

युवा श्रद्धालु नीतेश चौधरी ने बताया कि 21 फरवरी से शुरू हुआ यह भागवत कथा समारोह 27 फरवरी शुक्रवार तक चलेगा। कथा के समापन पर पूर्णाहुति हवन यज्ञ किया जाएगा। 28 फरवरी शनिवार को मंदिर पर कथा समापन पर भंडारे का आयोजन होगा। कथा के दौरान मन्दिर से जुड़े जीतेन्द्र बाबूजी, रामसेवक कुलश्रेष्ठ, राधेश्याम अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, दिलीप वैश्य सहित सैकड़ो श्रद्धालु मौजूद रहे।

# डांग के सेवर से आये घुमंतू परिवारों ने दिया एसडीएम को ज्ञापन

### गांव में आशियाने के साथ मूलभूत सुविधाओं की दरकार, प्रशासन से गुहार

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**बाड़ी।** उपखंड के डांग क्षेत्र में चंबल किनारे सेवर गांव के दो दर्जन से अधिक घुमंतु,अर्ध घुमंतु परिवारों ने सामाजिक संस्था जन अधिकार मंच के माध्यम से बाड़ी उपखंड अधिकारी को एक ज्ञापन सोपा है। ज्ञापन में परिवारों ने मांग की है कि वह पूरी तरह मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। 50 वर्ष से गांव सेवर में निवास कर रहे हैं लेकिन उनके पास कोई आशियाना नहीं है।

यहां तक की पीने के पानी के लिए उन्हें 10 किलोमीटर दूर चंबल नदी तक जाना पड़ता है। गांव में जो हेड पंप लगे हैं उनसे उनको पानी नहीं भरने दिया जाता,ना बिजली की कोई व्यवस्था है।उपखंड से करीब 50 किलोमीटर दूर गांव सेवर से आई घुमन्तु महिला गीताबाई और परमा ने बताया की करीब दो दर्जन परिवार गांव में दो डेरो पर निवास करते है। जिनके रहने की कोई व्यवस्था नहीं है। बिजली के लिए उनके पास मीटर लगाने के पैसे नहीं है और कोई खुद की जमीन या आशियाना नहीं है। ऐसे में बिना बिजली और पानी के ही खुले आसमान तले डेरा डालकर रहते हैं। प्रशासन ने अभी गांव में कैंप लगाकर उनकी मूल,जाति और आधार कार्ड जैसे प्रमाण पत्र बनाने की प्रक्रिया तो शुरू कर दी है। यदि जमीन मिल जाए और उसे पर कोई कमरा बन जाए तो भीषण गर्मी और बारिश के दिनों में परेशान नहीं होंगे।

जन अधिकार मंच के कार्यकर्ता राकेश कुमार ने बताया कि उनकी संस्था ऐसे ही परिवारों के लिए कार्य करती है जो किसी भी दृष्टि में सक्षम नहीं है। सेवर गांव बाड़ी से 50 किलोमीटर दूर है। जहां यह परिवार रहते हैं। दो दर्जन परिवारों के लिए प्रशासन से मांग की है कि उन्हें पट्टे देकर जमीन दी जाए और बिजली,पानी एवं आवागमन की सही सुविधा उपलब्ध कराई जाए। उपखंड अधिकारी भगवत शरण त्यागी ने भी समस्त परिवारों को जल्द कार्रवाही का आश्वासन दिया है।

# विधानसभा में कुल मतदाताओं की संख्या 1.73 प्रतिशत बढ़कर हुई 241710

### एसडीएम कार्यालय में राजनैतिक दलों के बीच एसडीएम ने किया अंतिम प्रकाशन

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**बाड़ी।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026 (एसआईआर) में शनिवार 21 फरवरी को मतदाता सूचियां का अंतिम प्रारूप प्रकाशन कर दिया गया है। एसडीएम कार्यालय में उपखंड अधिकारी भगवत शरण त्यागी द्वारा राजनीतिक दलों के पदाधिकारी के बीच वोटर लिस्ट को सार्वजनिक किया गया है। जिसमें दावे और आपत्तियों के बाद अब 078 बाड़ी विधानसभा में कुल मतदाताओं की संख्या 241710 हो गई है।

एसडीएम भगवत शरण त्यागी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा एसआईआर का काम कराया जा रहा था। यह कार्य 27 अक्टूबर से शुरू हुआ था। जिसमें 04 नवंबर से 11 दिसंबर तक घर-घर जाकर गणना की गई। 16 दिसंबर को प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया। विधानसभा बाड़ी में कुल वोटरों की संख्या 237589 प्राप्त हुई।

बाद में चुनाव आयोग के निर्देश पर 16 दिसम्बर से 19 जनवरी तक दावे और आपत्तियां ली गई। जिनकी सूची तैयार कर नोटिस बोर्ड के साथ राजनीतिक दलों में साझा की गई और जिला निर्वाचन अधिकारी और मुख्य निर्वाचन अधिकारी को ऑनलाइन भेजी गई।

सभी दावे और आपत्तियों के निस्तारण निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी तहसीलदार मुकेश कुमार मीणा और सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नायब तहसीलदार बंसल द्वारा किए गए। इस कार्य में नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी अभिताभ मीणा और बाड़ी ब्लॉक के मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी नन्दलाल मीणा ने भी सहयोग किया।

कुल मिलाकर कार्य के संपन्न होने पर आज 21 फरवरी को राजनैतिक दलों के बीच मतदाता सूचीयो का अंतिम प्रकाशन किया है। दावे और आपत्तियों के निस्तारण के बाद विधानसभा में मतदाताओं की संख्या 1.73 प्रतिशत बढ़कर अब पूर्व मतदाता संख्या 237589 की जगह 4121 बढ़कर 241710 हो गई है। जिसमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 130551 है। महिला मतदाताओं की संख्या 11157 है। विधानसभा में दो ट्रांसजेंडर मतदाता है। अंतिम प्रकाशन 15 दिन में किया जाएगा।मतदाता सूचियां के प्रकाशन को लेकर आयोजित हुई बैठक में तहसीलदार मुकेश कुमार मीणा,नायब तहसीलदार उत्तम चंद बंसल के साथ बीजेपी की सिटी अध्यक्ष वंदना शिवहरे,जिला महामंत्री अनिल गोयल,कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष रामेंद्र मीणा,जिला पदाधिकारी अनिल अरेला के साथ अन्य दलों के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# धावास में होगा विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन

**जयपुर।** धर्म, संस्कृति और सामाजिक एकता के संदेश के साथ रविवार, 22 फरवरी को विराट हिंदू सम्मेलन गणपति पैलेस जगदम्बा नगर रोड धावास में आयोजित होगा। इस क्रम में विशाल वाहन रैली निकाली जायेगी। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 8:30 बजे भव्य कलश यात्रा व भगवा वाहन रैली से होगी, जो क्षेत्र के प्रमुख मार्गों से होकर निकलेगी। कलश यात्रा में बडी संख्या में मातृशक्ति, युवा एवं श्रद्धालु पारंपरिक वेशभूषा में शामिल होंगे।

सम्मेलन में संत-महात्माओं के आशीर्वचन, प्रबुद्ध वक्ताओं के संबोधन, आकर्षक झांकियाँ एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ मुख्य आकर्षण रहेंगी। समाज के सभी वर्गों से निवेदन है कि अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनावे । आयोजन स्थल पर सुरक्षा, पेयजल, अल्पाहार, प्रसादी एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की जावेगी।

# शादी समारोह के घर में छत से गिरी बालिका बिजली बोर्ड को सही करते अधेड़ को लगा करंट

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस




**बाड़ी।** उपखंड क्षेत्र में शुक्रवार की देर रात और शनिवार सुबह दो अलग-अलग हादसे सामने आये है। पहली घटना बिजली करंट की है। जिसमें घर पर बोर्ड को सही करते समय 50 वर्षीय जितेंद्र पुत्र विजेंद्र सिंह ठाकुर निवासी टोटरी बिजली करंट का शिकार हो गया। घटना के बाद अचेत हुए जितेंद्र को परिजन बाड़ी अस्पताल लाये,जहां से चिकित्सकों ने हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल धौलपुर रेफर किया है। वही दूसरी घटना शहर के गुमट मोहल्ले की है। जहां 8 वर्षीय बालिका शिवानी पुत्री नीरज कुशवाह छत से गिरने के चलते घायल हो गई। बालिका के सिर में हेड इंजरी होने के कारण चिकित्सकों ने जिला अस्पताल धौलपुर रेफर किया है।

घायल जितेंद्र पुत्र विजेंद्र सिंह ठाकुर के चचेरे भाई विपिन ने बताया कि जितेंद्र घर पर बिजली बोर्ड को सही कर रहा था।

इस दौरान अचानक उसको करंट ने पकड़ लिया। जब वह चीखा और गिर पड़ा तो परिजनों को जानकारी हुई। इसके बाद उसे तुरंत बाड़ी अस्पताल लेकर आए। जहां चिकित्सक डॉ पवन गोस्वामी ने उसे प्राथमिक उपचार दिया लेकिन जब तबियत में सुधार नहीं हुआ तो उसे जिला अस्पताल धौलपुर रेफर किया गया।

वही दूसरी घटना शहर के गुमट मोहल्ले की है। जहां की 8 वर्षीय बालिका शिवानी पुत्री नीरज कुशवाह घर पर शादी समारोह के दौरान मंगल गीत कार्यक्रम में छत पर बच्चों के साथ खेल रही थी। इस दौरान संतुलन बिगड़ने से बालिका सीधे छत से नीचे जमीन पर आ गिरी। सिर के बल गिरने से बालिका अचेत हो गई। उसे परिजन अस्पताल लेकर आये। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार दिया। सिर में अंदरूनी चोट होने और सिर में हेड इंजरी की आशंका से बालिका को जिला अस्पताल धौलपुर पर किया है।

# सवाई माधोपुर : विशेष पुनरीक्षण के बाद 2.34 प्रतिशत वृद्धि, जिले में कुल मतदाताओं की संख्या 9,94,525

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**सवाई माधोपुर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 कार्यक्रम के तहत शनिवार को जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलक्टर काना राम की अध्यक्षता में जिला कलेक्ट्रेट सभागार में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक हुई। इस दौरान राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 की जानकारी देते हुए मतदाता सूचियों के अंतिम प्रकाशन की सूची सौंपी गई। साथ ही उपस्थितजनों को पात्र नागरिक के मतदाता सूची में नाम जुड़वाने और संशोधन की जानकारी भी दी गई।

जिला निर्वाचन अधिकारी काना राम ने बताया कि आयोग द्वारा 27 अक्टूबर 2025 को विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम घोषित किया गया था। इसके तहत 4 नवम्बर से 11 दिसम्बर 2025 तक गणना कार्य पूर्ण करने के बाद 16 दिसम्बर 2025 को प्रारूप मतदाता सूची प्रकाशित की गई थी, जिसमें जिले में कुल 9,71,777 मतदाता दर्ज थे। प्रारूप प्रकाशन के समय विधानसभा क्षेत्रवार गंगापुर में 2,50,299, बामनवास में 2,36,272, सवाई माधोपुर में 2,39,183 तथा खण्डार में 2,46,023 मतदाता शामिल थे।

उन्होंने बताया कि 16 दिसम्बर 2025 से 19 जनवरी 2026 तक दावा एवं आपत्तियां प्राप्त की गई। इस दौरान जिले में कुल 22,172 फार्म-6, 4,313 फार्म-7 तथा 11,153 फार्म-8 प्राप्त हुए, जिनका निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा नियमानुसार निस्तारण किया गया। इसके उपरांत आयोग के निर्धारित कार्यक्रमानुसार 21 फरवरी 2026 को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित की गई।

अंतिम सूची के अनुसार जिले में कुल 9,94,525 मतदाता हैं, जिनमें 5,33,208 पुरुष, 4,61,311 महिला तथा 6 ट्रांसजेंडर मतदाता शामिल हैं। प्रारूप सूची की तुलना में मतदाताओं की संख्या में 2.34 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की गई है। विधानसभा क्षेत्रवार गंगापुर में 2,55,967, बामनवास में 2,42,113, सवाई माधोपुर में 2,45,048 तथा खण्डार में 2,51,397 मतदाता दर्ज किए गए हैं।

बैठक में सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को चारों विधानसभा क्षेत्रों की अंतिम मतदाता सूची-2026 की एक हार्ड कॉपी एवं एक फोटोरहित सॉफ्ट कॉपी निःशुल्क उपलब्ध कराई गई। मतदाता सूची निर्वाचन विभाग राजस्थान की वेबसाइट पर ऑनलाइन उपलब्ध है, जहां कोई भी मतदाता ईपिक सर्च के माध्यम से अपना नाम देख सकता है।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदाता सूची में नाम जोड़ना, हटाना अथवा संशोधन एक सतत प्रक्रिया है। इसके लिए फार्म-6, 7 एवं 8 ईसीआईनेट एप, वोटर पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन अथवा संबंधित बीएलओ के माध्यम से आवेदन किया जा सकता है। किसी प्रविष्टि के संबंध में असंतोष होने पर अंतिम प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के भीतर जिला मजिस्ट्रेट के समक्ष तथा उसके बाद जिला मजिस्ट्रेट के निर्णय से असंतुष्ट होने पर 30 दिवस के भीतर मुख्य निर्वाचन अधिकारी राजस्थान के समक्ष द्वितीय अपील प्रस्तुत की जा सकती है।

बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर संजय शर्मा सहित विभिन्न मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। भाजपा से सुरेश चंद्र जैन एवं हरिओम गर्ग, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से घनश्याम मीणा, राजेश पहाड़िया, पवन बडगोत्या एवं अजय शर्मा, सीपीएम से रामगोपाल गुणसरिया एवं रईस अहमद अंसारी तथा आम आदमी पार्टी से बत्तीलाल एवं प्रेमराज मीणा सहित अन्य प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

**कार्यालय ग्राम पंचायत तसीमो, पंचायत समिति सैपऊ (धौलपुर)**

क्रमांक / ग्रा.पं./ ई.नि.नि.सा./2025-26/29 दिनांक :-20.02.2026

ई-निविदा सूचना 02/2025-2026

ग्राम पंचायत परिक्षेत्र में महात्मा गाँधी नरेगा योजनान्तर्गत स्वीकृत 02 निर्माण कार्यों में निर्माण सामग्री आपूर्ति अनुमानित लागत लगभग 26.22 लाख के लिये सक्षम श्रेणी के पंजीकृत फर्मों से ऑनलाइन ई-निविदा दिनांक 04.03.2026 को समय 10:00 एएम तक आंमत्रित की जाती है, जिसका UBN No. ZDH2526 GLOB00784 है। विस्तृत विवरण https//sppp.rajasthan.gov.in व https//eproc.rajasthan.gov. पर देखा व डाउनलोड किया जा सकता है

प्रशासक
ग्राम पंचायत तसीमो

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत तसीमो

# नई दिल्ली घोषणा को अपनाने के साथ एआई इम्पैक्ट समिट 2026 संपन्न

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** एआई इम्पैक्ट समिट 2026 नई दिल्ली में 18-19 फरवरी के दौरान आयोजित किया गया। शिखर सम्मेलन एआई इम्पैक्ट पर नई दिल्ली घोषणा को अपनाने के साथ संपन्न हुआ। यह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर वैश्विक सहयोग में महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

इस घोषणा को 88 देशों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों ने समर्थन दिया है, जो आर्थिक विकास और सामाजिक भलाई के लिए एआई का फ़ायदा उठाने पर बड़ी ग्लोबल सहमति को दिखाता है।

**एआई के लिए साझा ग्लोबल विज़न**

'सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय' (सबका कल्याण, सबकी खुशी) के सिद्धांत से प्रेरित, घोषणा इस बात पर ज़ोर देती है कि एआई के फ़ायदों को पूरी मानवता के साथ बराबरी से साझा किया जाना चाहिए।

**यह इन बातों पर ज़ोर देती है:**

अंतरराष्ट्रीय सहयोग और बहुपक्षीय हितधारकों के साथ जुड़ाव को मज़बूत करना

राष्ट्रीय संप्रभुता का सम्मान करना

सुलभ और भरोसेमंद फ्रेमवर्क के ज़रिए एआई को आगे बढ़ाना

कार्रवाई के सात स्तंभ (चक्र)

घोषणा सात मुख्य स्तंभों के आस-पास केंद्रित है, जो ग्लोबल एआई सहयोग की नींव रखते हैं:

एआई संसाधनों का लोकतंत्रीकरण, आर्थिक विकास और सामाजिक भलाई, सुरक्षित और भरोसेमंद एआई, विज्ञान के लिए एआई, सामाजिक सशक्तिकरण के लिए पहुँच, मानव पूंजी विकास, लचीला, कुशल और नूतन एआई प्रणाली

**मुख्य वैश्विक निष्कर्षों की घोषणा**

शिखर सम्मेलन में कई ऐच्छिक, सहयोगी ग्लोबल पहल की गई, जिनमें शामिल हैं:

एआई के लोकतांत्रिक वितरण के लिए चार्टर, बुनियादी एआई संसाधनों तक सस्ती पहुंच को बढ़ावा देता ह, स्थानीय स्तर पर काम की नूतन पारिस्थितिकी को समर्थन करता है

**ग्लोबल एआई इम्पैक्ट सामान्य बिंदु**

एआई के इस्तेमाल के मामलों को दुनिया भर में बढ़ाने और दोहराने के लिए एक मंच, विकास प्रभाव के लिए देश-विदेश में मिलकर काम करने लायक बनाता है

**भरोसेमंद एआई सामान्य बिंदु**

टूल, बेंचमार्क और श्रेष्ठ परिपाटयों का भंडार, सुरक्षित और भरोसेमंद एआई सिस्टम के विकास को समर्थन करता है

**विज्ञान संस्थानों के लिए एआई का अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क**

वैश्विक वैज्ञानिक सहयोग को आसान बनाता है, एआई से चलने वाली शोध क्षमताओं को बढ़ाता है

**सामाजिक सशक्तिकरण प्लेटफॉर्म के लिए एआई**

ज्ञान के आदान-प्रदान और मापन योग्य समाधानों को मुमकिन बनाता है, एआई को बराबर अपनाने पर फोकस करता है

**एआई श्रम शक्ति विकास प्लेबुक और रीस्किलिंग सिद्धांत**

एआई स्किलिंग, रीस्किलिंग और साक्षरता को समर्थन करता है, देशों को एआई से चलने वाली अर्थव्यवस्था के लिए तैयार करता है

**लचीलेपन और दक्ष एआई पर मार्गदर्शक सिद्धांत**

एनर्जी-एफिशिएंट एआई सिस्टम पर फोकस, एआई अवसंरचना लचीलेपन पर प्लेबुक द्वारा समर्थित

# 10 दिवसीय निःशुल्क आयुर्वेदिक क्षारसूत्र शल्य चिकित्सा शिविर का समापन



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** बाड़ी रोड स्थित उद्यम कार्यशाला बिजौली में 10 दिवसीय आयुर्वैदिक क्षार सूत्र शल्य चिकित्सा शिविर का आज दिनांक 20 फरवरी 26 को हुआ समापन। उपनिदेशक आयुर्वेद विभाग धौलपुर डॉक्टर दिनेश कुमार शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में परम सिद्ध संत श्री पागल बाबा की उपस्थिति ने समापन कार्यक्रम को दिव्यता प्रदान की। कार्यक्रम की अध्यक्षता अतिरिक्त निदेशक आयुर्वेद विभाग संभाग भरतपुर डॉक्टर सतीश कुमार लवानिया ने की। शिविर प्रभारी डॉक्टर दिनेश चंद शर्मा ने बताया कि शिविर में अब तक चिकित्सा प्रदान किए गए रोगियों का विवरण निम्नानुसार रहा-बहिरंग पंजीकृत रोगियों की संख्या 6228, अंतरंग पंजीकृत रोगियों की संख्या 135, शल्यचिकित्सा द्वारा ऑपरेट किए गए रोगियों की संख्या 102, अग्निकर्म एवं मोक्ष द्वारा 207, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा द्वारा लाभान्वितो की संख्या 190 ( उक्त आंकड़े पुरुष स्त्री मिलकर) रही। सहायक शिविर प्रभारी डॉ राजवीर शर्मा ने बताया कि उपस्थित मरीजों एवं उनके परिजनों ने शिविर स्टाफ द्वारा की गई सेवाओं की भूरि भूरि प्रशंसा की। स्वामी जी ने बताया कि आयुर्वेद दिव्या चिकित्सा है जहां पर वैध दुश्मन की भी चिकित्सा में खुद को खुश समझता है जैसे की लक्ष्मण जी को शक्ति लगने पर रावण के वैद्य सुशेन जी ने चिकित्सा की। उन्होंने शिविर स्थल को अपने प्रवचनों से दिव्यता प्रदान की वही माहौल को जय घोष से भागवतमय बना दिया। अतिरिक्त निदेशक आयुर्वेद विभाग संभाग भरतपुर डॉक्टर सतीश कुमार लवानिया ने सभी कार्मिकों की रोगियों एवं उनके परिजनों द्वारा दिए गए फीडबैक के आधार पर शाबाशी दी। सभी रोगियों को रोग अनुसार आगामी सात-सात दिन की अतिरिक्त दवाइयां वितरित की गई साथ ही बताया गया आगामी 27 फरवरी को इसका फॉलो अप कैंप लगेगा। शिविर में शल्यचिकित्सा टीम में डॉक्टर नरेश गोपाल, डा बालमुकुंद शर्मा, डॉ जसराम गौड़, डॉ विनोद कुमार गर्ग, डॉ ज्ञानी राम मीणा ,डॉक्टर रितिका व्यास, डॉ मंजू मीणा, वरिष्ठ कंपाउंड गोपाल कृष्ण डॉ राघवेंद्र उपाध्याय सहायक कर्मी हुकूमनाथ योगी की सेवाएं रही। शिविर में रिकॉर्ड संधारण डॉ अनिल कुमार झा संतोष पुरी आदि के द्वारा किया गया। सहायक शिविर प्रभारी डॉ मोहम्मद जाकिर ने बताया कि ओपीडी डॉ वीरेंद्र यादव, डॉ निरंजन लाल शर्मा ,डॉ रामनिवास जाटव ,डॉ राजेश कुमार शर्मा संतोष कुमार सेन ने संभाली। भामाशाह के रूप में राम लखन गुर्जर श्रीनिवास पुरी एवं अन्य का सहयोग रहा । कार्यक्रम में पूर्व उप निदेशक डॉक्टर भगवान दास शर्मा ,सेवानिवृत्ति वरिष्ठआयुर्वेदिक चिकित्साधिकारी डॉ सतीश कुमार शर्मा, पीएमओ डॉक्टर गुलाब सिंह जी ,पूर्व उपनिदेशक डॉक्टर भरत सिंह झिरवाल ,वरिष्ठ कंपाउंडर बनवारी लाल शर्मा रवींद्र व्यास, फीमेल नर्स प्रियंका ,कोमल मीणा एवं और अन्य अन्य कार्मिकों की सराहनीय सेवाएं रही। सहायक निदेशक डॉ रमाकांत मिश्रा ने समस्त कार्मिकों को धन्यवाद देते हुए उपस्थित सभी का आभार जताया।

### एच.डी.टीचर ट्रेनिंग इन्स्टीट्यूट के रेड रिबन क्लब में निबंध प्रतियोगिता

भरतपुर। एच.डी.टीचर ट्रेनिंग इन्स्टीट्यूट के रेड रिबन क्लब के द्वारा 'यौन संचारित रोग और रोकथाम' विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गयां ।

प्रतियोगिता रेड रिबन क्लब के नोडल अधिकारी डॉ. नीता माथुर के नेतृत्व में की गई जिसमें कॉलेज के 30 छात्र-छात्राओं ने भागीदारी की। इस प्रतियोगिता के निर्णायक मण्डल में श्री राम मोहन शर्मा एवं डॉ. पूनम दीक्षित रहे।,

प्रतियोगिता में प्रथम स्थान चंचल सेलंकी, द्वितीय स्थान चंचल कुमारी तथा तुतीय स्थान मन्दीप सिंह ने प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त विशेष प्रोत्साहन पुरस्कार पायल एवं आरती को उनके उत्कुष्ट प्रदर्शन हेतु प्रदान किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री हरिदत्त ग्रुप ऑफ इन्स्टीट्यूशन्स के निदेशक डॉ. आलोक शर्मा ने प्रतियोगिता में विजेताओं के नाम की घेषणा की।

# संपादकीय

## एआई बदलेगा विकास का भविष्य, दिल्ली समिट से उभरीं संभावनाएं और चुनौतियां

यह एक जगजाहिर तथ्य है कि दुनिया आज तकनीकी विकास के अगले चरण में प्रवेश कर चुकी है और कृत्रिम बुद्धिमत्ता इसका एक सबसे अहम औजार बनने जा रही है। दिल्ली में आयोजित 'इंडिया-एआइ इम्पैक्ट समिट, 2026' में इस संदर्भ में जितने आयाम सामने आए, वे बताते हैं कि दुनिया भर में कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी एआइ केंद्रित बदलाव अब विकास की नई परिभाषा गढ़ने जा रहा है। इसमें भारत की एक अहम भूमिका होगी और खासतौर पर वैश्विक दक्षिण या विकासशील देशों में इसे नेतृत्वकारी भूमिका में देखा जा रहा है।

गौरतलब है कि एआइ का इस्तेमाल अब केवल सुरक्षा के मुद्दे तक केंद्रित नहीं है और आज विकास के क्षेत्र में समावेशी, पारदर्शी तथा जिम्मेदार सुशासन के तौर पर इसकी भूमिका का विस्तार हो रहा है। जहां तक दिल्ली में हुए एआइ सम्मेलन का सवाल है, इसमें स्वास्थ्य, कृषि, जलवायु परिवर्तन, शासन और आर्थिक विकास के मामले में खड़ी होने वाली बाधाओं का हल निकालने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता के उपयोग को आगे बढ़ाने की जमीन तैयार करने की कोशिश की गई। यानी सम्मेलन में एआइ के जरिए समग्र विकास के क्षेत्र में संभावनाओं की नई राह तलाशने की भूमिका बनी।

पिछले कुछ वर्षों के दौरान तकनीक, चिकित्सा और अन्य उत्पादों के निर्माण तथा उपयोग में एआइ का इस्तेमाल तेजी से बढ़ा है। विकास के लगभग सभी क्षेत्र में इसकी अहमियत जिस रूप में बनती देखी जा रही है, उसके मद्देनजर भारत ने भी अभी से प्रयास शुरू कर दिए हैं, लेकिन यह भी सच है कि फिलहाल इस क्षेत्र में चीन और अमेरिका की कंपनियों का वर्चस्व है।

निश्चित तौर पर भारत जैसे विकासशील देशों के सामने यह एक बड़ी चुनौती होगी, लेकिन यह भी ध्यान रखने की जरूरत है कि किसी भी समस्या से पार तभी पाया जा सकता है, जब उसकी जटिलता को स्वीकार कर उसका सामना करने का विकल्प चुन लिया जाए। इस लिहाज से देखा जाए, तो भारत का यह रुख तकनीकी प्रतिस्पर्धा के मैदान में चुनौतियों का सामना करने की जमीन तैयार करता है कि देश एआइ से डरता नहीं है, बल्कि इसमें वैश्विक भलाई के लिए समृद्धि और भविष्य की संभावनाएं देखता है।

कृत्रिम बुद्धिमत्ता अब भविष्य की दुनिया की सच्चाई है

इसमें कोई दोराय नहीं कि एआइ अब भविष्य की दुनिया का एक यथार्थ है और विकास की पटकथा तैयार करने में इसकी अहम भूमिका होने जा रही है। मगर इसके समांतर यह देखने की जरूरत होगी कि नए बनने वाले ढांचे में समाज के सभी वर्गों के हित को सुनिश्चित करने का उद्देश्य किस हद तक पूरा हो पाता है। इस संदर्भ में एआइ की बढ़ती भूमिका के दौर में बड़े पैमाने पर नौकरियों का दायरा सिकुड़ने और अवसर कम होने की जो आशंकाएं जताई जा रही हैं, उसका हल निकालना एक बड़ी चुनौती होगी।

इसके अलावा, एआइ आधारित तकनीक का बेजा इस्तेमाल करके भयादोहन, डीपफेक से जुड़ी जटिलताएं, डेटा केंद्रों से जुड़े पर्यावरणीय प्रभाव, ज्यादा से ज्यादा डेटा हासिल करके उसका मनमाना उपयोग और उसे नियंत्रण का एक औजार बनाने जैसे सवाल भी सामने खड़े होंगे। इन समस्याओं का हल निकालने पर ही इस तकनीक की साख निर्भर करेगी।

यों दिल्ली के सम्मेलन में एक सकारात्मक उम्मीद यह जताई गई कि एआइ अरबों लोगों को गरीबी से बाहर निकाल सकता है और एक बेहतर दुनिया बना सकता है। मगर यह इस पर निर्भर करेगा कि एआइ की नई दुनिया में वंचित तबकों एवं गरीब आबादी की कितनी पहुंच संभव हो सकेगी और इसका चेहरा कितना मानवीय तथा समावेशी बनाया जा सकेगा।

# हर दो मिनट में तीन मौतें, क्या भारत में कैंसर बन रहा है अगली महामारी

ऐसे में आने वाले वक्त में हर साल बीस लाख से ज्यादा मौतें कैंसर से होने का अनुमान है। केंद्र सरकार के आंकड़ों से पता चलता है कि वर्ष 2024 में देश भर में कैंसर के पंद्रह लाख से अधिक मामले सामने आए, जबकि वर्ष 2023 में यह आंकड़ा करीब 14 लाख 96 हजार था।

आज के तकनीकी दौर में बदलती जीवनशैली के साथ कैंसर का खतरा भी लगातार बढ़ता जा रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक, दुनिया में हर साल एक करोड़ से ज्यादा लोगों की मौत कैंसर से होती है। गरीब और विकासशील देशों में यह आंकड़ा सबसे ज्यादा है। भारत ने पोलियो पर नियंत्रण पाने में कामयाबी हासिल की है, लेकिन ऐसी तमाम बीमारियां हैं जो देश के लिए किसी चुनौती से कम नहीं हैं। कैंसर भी इनमें एक है। भारत में कैंसर तेजी से पैर पसार रहा है। इंटरनेशनल एजेंसी फॉर रिसर्च ऑन कैंसर (आईएआरसी) का अनुमान था कि वर्ष 2025 के अंत तक हर पांच में से एक पुरुष और छह महिलाओं में से एक महिला कैंसर से पीड़ित होगी।यह अनुमान अब वास्तविक आंकड़ों में तब्दील होता दिखाई दे रहा है। एक अध्ययन रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में हर दो मिनट में तीन लोगों की मौत कैंसर से होती है। ऐसे में आने वाले वक्त में हर साल बीस लाख से ज्यादा मौतें कैंसर से होने का अनुमान है। केंद्र सरकार के आंकड़ों से पता चलता है कि वर्ष 2024 में देश भर में कैंसर के पंद्रह लाख से अधिक मामले सामने आए, जबकि वर्ष 2023 में यह आंकड़ा करीब 14 लाख 96 हजार था। इसी तरह वर्ष 2022 में 14 लाख 61 हजार से ज्यादा और 2021 में 14 लाख 26 हजार से अधिक कैंसर के मामले दर्ज किए गए। यानी हर वर्ष कैंसर के मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है।



आईएआरसी के आंकड़े बताते हैं कि भारत में कैंसर से पीड़ित पुरुषों में से 16.3 फीसदी की मौत मुंह के कैंसर से, 8 फीसदी की फेफड़े के कैंसर से और 6.8 फीसदी की पेट के कैंसर से होती है। पिछले कुछ वर्षों में पुरुषों में मुंह का कैंसर तेजी से बढ़ा है। यह तंबाकू सेवन से जुड़ा है, जबकि धूम्रपान से होने वाले कैंसर में कुछ कमी आई है। पिछले एक दशक में कैंसर से होने वाली मौतों में दोगुनी रफ्तार देखी गई है, जबकि केंद्र और राज्य सरकारें इस बीमारी को लेकर सक्रियता का दावा करती हैं। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के मुताबिक, सबसे ज्यादा आबादी वाले उत्तर प्रदेश में वर्ष 2024 में दो लाख से ज्यादा कैंसर के मामले सामने आए। इसके बाद महाराष्ट्र में करीब एक लाख सत्ताईस हजार मामले दर्ज हुए। पश्चिम बंगाल में करीब एक लाख अठारह हजार, बिहार में एक लाख पंद्रह हजार, तमिलनाडु में लगभग 98 हजार और कर्नाटक में करीब 95 हजार मामले सामने आए। अन्य राज्यों में भी स्थिति चिंता पैदा करने वाली है।

देश में कैंसर उन राज्यों में अधिक तेजी से बढ़ रहा है जो आर्थिक रूप से पिछड़े माने जाते हैं। बिहार में हर साल तकरीबन एक लाख मामले सामने आते हैं। वहां तंबाकू सेवन करने वाले और मुंह के कैंसर से पीड़ित मरीजों की संख्या अधिक है। महिलाओं में भी कैंसर के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। उत्तर प्रदेश, झारखंड, मध्य प्रदेश, दिल्ली, राजस्थान, कर्नाटक और केरल जैसे राज्यों में भी कैंसर का प्रसार बढ़ रहा है। वैश्विक स्तर पर वर्ष 2022 में लगभग दो करोड़ नए मामले सामने आए, जिनमें से 97 लाख लोगों की मृत्यु हो गई। अनुमान है कि वर्ष 2035 तक कैंसर से मृत्यु दर में 78 फीसदी और मरीजों की संख्या में 70 फीसदी की वृद्धि हो सकती है। भारत में हर साल 10 से 14 लाख नए मामले सामने आते हैं, जिनमें से 77 फीसदी से अधिक की मौत हो जाती है।

कैंसर से बढ़ती मौतों की प्रमुख वजह समय पर पहचान न होना

कैंसर से बढ़ती मौतों की प्रमुख वजह समय पर पहचान न होना, स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही, जागरूकता का अभाव और समय पर इलाज न मिल पाना है। एक सर्वेक्षण में सामने आया है कि भारत में चिकित्सकों की कमी भी बड़ी वजह है। आंकड़ों के अनुसार, देश में दो हजार कैंसर मरीजों पर महज एक चिकित्सक है, जबकि अमेरिका में यह अनुपात सौ मरीजों पर एक चिकित्सक का है।

पिछले कुछ वर्षों में महिलाओं में कैंसर का प्रसार तेजी से बढ़ा है। इसके प्रमुख कारणों में बदलती जीवनशैली, वंशागत जटिलताएं और गुणसूत्रों में बदलाव शामिल हैं। 'पैपिलोमा' विषाणु से ग्रीवा और गर्भाशय कैंसर का खतरा बढ़ रहा है। एचआईवी संक्रमण और 'हेलिकोबैक्टर' जीवाणु से भी कैंसर की आशंका बढ़ती है। तनाव, शारीरिक गतिविधियों का अभाव और आधुनिक खानपान भी जिम्मेदार हैं। गरीब मजदूर-किसानों में कैंसर से मौत की दर अधिक है। खासकर बिहार, ओडिशा, पश्चिम बंगाल और झारखंड में खदानों, सीमेंट, पत्थर, ईंट-भट्टों और रासायनिक संयंत्रों में काम करने वाले मजदूरों में जोखिम अधिक है।

सरकार की ओर से जागरूकता अभियान चलाए गए हैं, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में उनका असर सीमित है। केवल आंकड़ों से जागरूकता संभव नहीं है। लोगों के मन से कैंसर का डर निकालना भी जरूरी है। एक सर्वेक्षण में पाया गया कि कैंसर की जानकारी मिलते ही व्यक्ति के मन में मौत का भय हावी हो जाता है, जिससे मानसिक और शारीरिक जटिलताएं बढ़ती हैं।सरकारी तंत्र, गैरसरकारी संगठन और समाज को मिलकर कैंसर के खिलाफ सामूहिक प्रयास करने होंगे। डरने की बजाय डटकर मुकाबला करना होगा। नीति निर्माताओं को इस संकट को केंद्र में रखकर नई योजनाएं बनानी होंगी, तभी कैंसर की रोकथाम की दिशा में ठोस कदम उठाए जा सकेंगे।हड्डियों में दर्द होना आम समस्या है। कभी यह ज्यादा चलने-फिरने, चोट लगने, कैल्शियम की कमी या बढ़ती उम्र के कारण हो सकता है। आप जानते हैं कि अक्सर नजरअंदाज किया जाने वाला ये दर्द बोन कैंसर (क्र्भठ्ठद्ग ष्टड्डठ्ठष्द्गह्) या किसी दूसरे कैंसर का भी संकेत हो सकते हैं। विश्व कैंसर दिवस 2026 के मौके पर डॉक्टरों का कहना है कि अगर हड्डियों का दर्द लंबे समय तक बना रहे, लगातार बढ़ता जाए या फिर रात में ज्यादा परेशान करे तो आप इसे हल्के में नहीं लें। परेशानी की बात तब और ज्यादा है जब दवा का इस्तेमाल करने के बाद भी दर्द जस का तस बना रहे।

# मोह के धागे' खोलती एक स्वेटर से शुरू हुई जीवन की अनकही कहानी

गर्मी की दस्तक के साथ ही लोग अपने गर्म कपड़े संभालने लगते हैं, लेकिन ऐसा भी कोई व्यक्ति होता है, जो इस मामले में थोड़ी अलग संवेदना रखता है। वह अपना आधी बाजू का एक स्वेटर अपनी कमीजों की अलमारी में ही रख देता है। वह गर्मियों में भी दिखता रहता है, तो उसे मन ही मन सुकून मिलता है। दरअसल, एक दफा उसका यह स्वेटर ढूंढ़ने से भी नहीं मिला, तो वह बेचैन हो गया था और उसने सारा घर सिर पर उठा लिया। परिवार के सारे सदस्य ढूंढ़ने में लग गए। दो दिनों बाद बमुश्किल पलंग के नीचे बने दराज से मिला। तब से उस व्यक्ति ने इसे सर्दियों के कपड़ों के साथ संभाल कर रखना छोड़ दिया।

अब ऐसा लगता है कि वह अपना यह खासमखास स्वेटर कभी नहीं छोड़ पाएगा, क्योंकि स्वेटर पहनते ही उसकी मधुर यादों की एक खिड़की खुल जाती है। एहसासों की गरमाहट महसूस करते-करते सालों-साल पीछे लौट जाता है। उसकी मां के जिन हाथों ने कभी यह स्वेटर बुना था, अचानक उसे सिर-माथे पर फिरते महसूस होते हैं। वह छात्र था, तो बुनते-बुनते उसकी मां उसकी पीठ पर लगा कर देखती कि नाप ठीक है न! कभी खेल रहा होता, तो आवाज लगा कर बुलाती और छाती से लगा कर स्वेटर की नाप जांच लेती।

कई छात्र मानते हैं कि पुराने-घिसे कपड़े पहन कर पढ़ाई करने में एकाग्रता बढ़ती है

हर किसी को अपनी पुरानी चीजों से जुड़ाव होता है। पुराना वाहन या पुरानी कलम ही क्यों न हो, उससे चलना या लिखना सहूलियत भरा लगता है। इसीलिए परीक्षार्थी अमूमन नए के बजाय पुरानी कलम लेकर ही परीक्षा के प्रश्नोत्तर लिखने में बेहतरी महसूस करते हैं। पुरानी कलम अंगुलियों पर बैठी होती है। कई छात्र मानते हैं कि पुराने-घिसे कपड़े पहन कर पढ़ाई करने में एकाग्रता बढ़ती है।

जीवन सिखाता है कि साजो-सामान और तामझाम जुड़ता रहेगा और खोता रहेगा। कुछ भी सदा के लिए संग नहीं रहेगा। कभी हम त्याग देंगे, कभी वह अलविदा कह देगा। शुरुआती दौर में, हर बिछड़ना दिल तोड़ता है, लेकिन समय के साथ समझ आता है कि हर किसी का आना किसी मकसद से होता है, कुछ सिखाने, कुछ आराम देने और कुछ मजबूत बनाने के लिए। हमेशा के लिए कुछ भी नहीं ठहरता, बस एक अध्याय या दौर की तरह आता है और अपना कर्म निभा कर चला जाता है। सीख मिलती है कि साथ यहीं तक था।

इस परम सत्य को दिल से स्वीकार करते ही गजब की शांति और सुकून का अनुभव होता है। जो मौजूदा दौर में हाथ में है, वही हाल-फिलहाल हमारा है। जो चला गया, छूट गया, नष्ट हो गया, मियाद पूरी कर गया, उसका हमारा नाता वहीं तक था। यही जीवन है- आना और जाना, मिलना और बिछुड़ना, और हर अदल-बदल पर खुद को थोड़ा समझाना, सांत्वना देना। कुदरत ने अनगिनत मिसालें पेश कर सिखाया है कि हर चीज का प्रारंभ और अंत निश्चित है। बिछुड़ने के बावजूद कुदरत ने जीवित रहने के हौसले से लैस रहने की प्रवृत्ति भी कूट-कूट कर भरी है।

सयाने लोग समझाते रहे हैं कि पूरा अस्तित्व, हर एक पल, उत्सव की तरह आनंदित करने योग्य है। इसलिए खुद को एक दौर या एक वस्तु विशेष तक सीमित या बांध कर न रखा जाए। जो व्यक्ति अपनेपन के मोह के धागे तोड़ कर स्वतंत्र भाव से जीने लगता है, वह किसी माया-बंधन में नहीं बंधता। जो होता है और हो रहा है, उसे सहर्ष गले लगा लिया जाए। अब तक जो पाया है, उसे भूल जाया जाए। अतीत को भूलने और उससे अलग होने के बाद पीछे मुड़-मुड़ कर देखना व्यर्थ है।

वर्तमान में रहने की जरूरत है, क्योंकि जीवन परिवर्तन का ही नाम है। इसलिए नियंत्रित करने की कोशिश न ही की जाए। हर इंसान स्वयं में पूर्ण है। पूर्ण होने या बनने के लिए किसी और की आवश्यकता नहीं रहती। जो कुछ चाहिए, वह हरेक के भीतर ही है। इसे पहचानने वाला व्यक्ति शर्तिया समस्त बंधनों से मुक्त हो जाता है। कोई खोजा जाता है, वह अतिथि नहीं है, आतिथेय है। बाहर से हासिल नहीं करना, वह तो भीतर ही समाया है।

प्रभुत्व की चाह में विशाल और शक्तिशाली साम्राज्य स्थापित करने में तमाम देश और उद्योग घराने पीछे नहीं हटते। मिस्त्र, यूनान, ब्रिटिश समेत कई साम्राज्य और वैश्विक स्तर पर मशहूर कई कारोबारी दिग्गज दुनिया या बाजारों पर हावी रहे। फिर लापता भी हो गए। दूसरे शब्दों में, जीवन का भाव होना चाहिए कि 'जो हुआ वह अच्छा हुआ, जो हो रहा है, वह अच्छा हो रहा है। जो होगा, वह भी अच्छा होगा। तुम्हारा क्या गया, जो तुम रोते हो? तुम क्या लाए थे, जो तुमने खो दिया? तुमने क्या पैदा किया, जो नष्ट हो गया? वास्तविकता यही है कि तुमने जो पाया, यहीं से पाया। जो दिया, यहीं पर दिया। जो आज तुम्हारा है, कल किसी और का था, कल किसी और का हो जाएगा।' सृष्टि की इस नसीहत और नियम का बखान एक पुराने फिल्मी गीत के बोल क्या खूब करते हैं- '...जो मिल गया उसी को मुकद्दर समझ लिया/ जो खो गया मैं उसको भुलाता चला गया/ गम और खुशी में फर्क न महसूस हो जहां/ मैं दिल को उस मुकाम पे लाता चला गया..।'

सार्वजनिक शोक कई बार रणनीतिक माना जाता है- सहानुभूति, या सांस्कृतिक निकटता का निमंत्रण। कुछ लोग शोक सामग्री की इस नई लहर को 'प्रदर्शनकारी शोक' कहते हैं, क्योंकि ये 'लाइक' की गिनती संभावित रूप से ज्यादा लोगों को अपने साथ जोड़ने या कुछ मामलों में पैसे भी दिला सकती है। जब 26 जनवरी, 2020 को अमेरिका के मशहूर बास्केटबाल खिलाड़ी कोबे ब्रायंट की मृत्यु हुई, तो सोशल मीडिया मानो एक विशाल स्मारक बन गया, लेकिन शोक मनाने वालों की आलोचना हुई। कहा गया कि आप एक ऐसे बास्केटबाल खिलाड़ी के बारे में आनलाइन क्यों आंसू बहा रहे हैं, जिसे आप निजी तौर पर जानते तक नहीं! मगर जो लोग सचमुच दुख का इजहार करने की कोशिश करते हैं, उनके लिए आनलाइन माहौल अक्सर भ्रामक बन जाता है।

# किशोरों को व्यवस्थित जीवनशैली के लिए कैसे प्रेरित किया जा सकता है?

**किशोरों को यदि काम करने के तरीकों में कुछ विकल्प दिए जाएं, तो वे स्वयं को अधिक जिम्मेदार और प्रेरित महसूस करते हैं। केवल परिणामों पर ध्यान देने के बजाय उनके प्रयास और मेहनत की सच्ची सराहना करना जरूरी है।**

**विकल्प और विश्वास से बढ़ती है प्रेरणा**

किशोरों को यदि काम करने के तरीकों में कुछ विकल्प दिए जाएं, तो वे स्वयं को अधिक जिम्मेदार और प्रेरित महसूस करते हैं। केवल परिणामों पर ध्यान देने के बजाय उनके प्रयास और मेहनत की सच्ची सराहना करना जरूरी है। इससे उनका आत्मविश्वास मजबूत होता है और वे भीतर से प्रेरित रहते हैं। परिवार और शिक्षक ऐसा सुरक्षित वातावरण बनाएं, जहां किशोर बिना डर अपनी बात कह सकें। उनकी भावनाओं को समझना और उन्हें अपने निर्णय लेने का अवसर देना आवश्यक है। अपने फैसलों के परिणामों से सीखकर उनमें जिम्मेदारी की भावना स्वाभाविक रूप से विकसित होती है। - **प्रवेश भूतड़ा, सूरत**



स्वस्थ दिनचर्या और सकारात्मक सोचकिशोरों को संतुलित और व्यवस्थित जीवन के लिए पोष्टिक आहार अपनाने की आदत डालनी चाहिए। रोजाना निश्चित समय पर व्यायाम और पर्याप्त विश्राम भी जरूरी है। जंक फूड और बाहरी हानिकारक खाद्य पदार्थों से दूरी बनाए रखना उनके स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है। साथ ही, सकारात्मक व्यवहार और अच्छी संगति जीवनशैली को सही दिशा देती है। वर्तमान समय में नशीले पदार्थों से दूर रहना और असामाजिक गतिविधियों से बचना बेहद आवश्यक है। स्वस्थ शरीर और साफ सोच ही बेहतर भविष्य की मजबूत नींव रखते हैं। - जितेन्द्र मोकलसर, बालोतरा

**परिवार और शिक्षक बनें आदर्श**

किशोरों को अनुशासित जीवन की ओर प्रेरित करने में परिवार और शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। यदि बड़े स्वयं अनुशासन और समय-पालन का उदाहरण प्रस्तुत करें, तो किशोर सहज ही उसे अपनाते हैं। छोटे-छोटे लक्ष्य तय कराना, समय-सारणी बनवाना और डिजिटल अनुशासन सिखाना उपयोगी कदम हैं। उन्हें जिम्मेदारियां देकर आत्मनिर्भर बनाया जा सकता है। खेल, योग और उद्देश्यपूर्ण मार्गदर्शन से उनमें आत्मनियंत्रण और धैर्य विकसित होता है। यह आदतें आगे चलकर उनके जीवन में दीर्घकालिक सफलता का आधार बनती हैं। - अभिषेक सांखला, बीकानेर

# एआइ के दौर में कला से जुड़ी जीवंतता

**परंतु सब-कुछ जब मशीन ही करेगी तो मौलिक रचना और उसमें बसने की संभावनाएं क्या तेजी से समाप्त नहीं होंगी! एआइ शून्य से सृजन नहीं करती। मानव मस्तिष्क से पुनर्संरचना और अनुमान पर ही इसका अस्तित्व है।**

**डॉ. राजेश कुमार**

एआइ इंपैक्ट समिट ने वैश्विक स्तर पर हमें अग्रणी करने की दृष्टि से भले ही जोड़ा है, परंतु मौलिक चिंतन और मनन में यह शून्य उपजाने की बहुत-सी आशंकाएं लिए भी है। लुप्त कलाओं की रिकॉर्डिंग अभिलेखीय संरक्षण में इसका बेहतर उपयोग हो सकता है, परंतु सब-कुछ जब मशीन ही करेगी तो मौलिक रचना और उसमें बसने की संभावनाएं क्या तेजी से समाप्त नहीं होंगी! एआइ शून्य से सृजन नहीं करती। मानव मस्तिष्क से पुनर्संरचना और अनुमान पर ही इसका अस्तित्व है। बड़ा संकट यह भी है कि हमने सूचनाओं को ही ज्ञान मानना प्रारंभ कर दिया है। सूचनाएं संस्कृति से जुड़ी दृष्टि तक पहुंच की सुगमता हो सकती है, परंतु कलाओं से जुड़ा विचार नहीं हो सकती। भारतीय कलाएं प्रतिकर्मी हैं।

संगीत, नृत्य, नाट्य, चित्रकलाएं आदि सभी में प्रतीकों से सूचनाओं का संप्रेषण होता है। एब्सट्रेक्ट ही नहीं, आदिवासी और जनजातीय कलाओं के संसार में जाएंगे तो पाएंगे, वहां प्रतीकों में, अर्थगर्भित संकेतों में और कहन की भांत-भांत की छटाओं में संसार बुना गया है। एआइ बहुत सारा एकत्र शास्त्रीय संगीत, नृत्य की भंगिमाओं, नाट्य से जुड़ी परंपराओं का एकत्रीकरण कर स्वयंमेव बहुत सारा उससे नया गढ़ देगी परंतु वहां मनुष्य सिरजे की जीवंतता कहां से आएगी! प्रकृति की छटाएं, परिवेश की सुगंध वहां कैसे घुलेगी! जब बहुत सारा संस्कृति से जुड़ा सूचनाओं का ढेर हमारे पास सदा मौजूद रहेगा तो यह भी हो सकता है कि हम कला में नया कुछ रचने की आदत को ही बिसरा दें।

याद रखें, प्रकृति और परिवेश का संतुलन बिगड़ते ही सूचनाओं के स्रोत सूखने लगते हैं। मनुष्य और मशीन में यही बड़ा फर्क है। मनुष्य मस्तिष्क परिवेश और प्रकृति प्रदत्त सूचनाओं को निरंतर ग्रहण करता है, परंतु कहीं ठहरता नहीं है। इसलिए बहुतेरी बार अनपेक्षित अप्रत्याशित कलाओं का सृजन अनायास मनुष्य मन कर देता है। एआइ में कलाओं से जुड़ी सूचनाओं के स्रोत महत्वपूर्ण कारक होते हैं। इनके आधार पर वहां बुद्धिमता का उत्कृष्ट प्रदर्शन होता दिखता है, पर यदि सूचनाएं गलत होंगी या अनर्गल होंगी तो सर्वथा विनाश की संभावनाएं भी बनेंगी। मानव मस्तिष्क को पढ़ उससे अपना गढ़ने का गुण तो एआइ ने पा लिया है, परंतु सूचनाओं को संस्कृति मान आगे बढ़ने का जोखिम बढ़ने लगा है।

चिंतन, ठहरकर सोचने की दृष्टि चुपके से हमसे लोप होने लगी है। एकरसता में विविधता सिमट रही है। कलाओं से जुड़ी विरासत का डिजिटलाइजेशन तो हो रहा है, पर संकट यह है कि उसमें जो कुछ हमारे पास मौजूद है, उसे पढ़ने की फुर्सत एक समय में बहुत सारा एक साथ पाने के लालच में क्या मिल पाएगी!



# 'भारतीय टीम पर दबाव ज्यादा, हम फायदा उठाएंगे' : दक्षिण अफ्रीका कोच

**अहमदाबाद।** भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच टी20 विश्व कप 2026 का सुपर-8 मुकाबला रविवार को नरेंद्र मोदी स्टेडियम अहमदाबाद में खेला जाना है। दोनों टीमों के लिए सुपर-8 का यह पहला मैच है। ग्रुप स्टेज में अजेय रही दोनों ही टीमें सुपर-8 की शुरुआत भी जीत के साथ करना चाहेंगी। दक्षिण अफ्रीका के कोच शुक्री कॉनराड का मानना है कि भारतीय टीम पर दबाव ज्यादा होगा। शुक्री कॉनराड ने अभ्यास सत्र के दौरान पत्रकारों से बात करते हुए कहा, 'दोनों टीमों पर दबाव है, लेकिन मौजूदा चैंपियन होने के नाते भारत इसे ज्यादा महसूस करेगा। दक्षिण अफ्रीका दबाव को अपनाएगा और उसका फायदा उठाएगा, न कि उससे घबराएगा।' उन्होंने कहा, 'भारतीय टीम पर सेमीफाइनल और फाइनल में पहुंचने का दबाव होगा। उम्मीद है कि हम उन्हें एक्सपोज कर पाएंगे और उस दबाव में उन्हें कमजोर बना पाएंगे। हालांकि, भारतीय टीम कमजोर नहीं है। '



कॉनराड ने कहा, 'मुझे लगता है कि हम सभी टॉप टीम के खिलाफ खेलने के दबाव के बारे में बात करते हैं। हमें ठीक से पता नहीं है कि वे किस दबाव में हैं। मैं यह नहीं कह रहा कि जो खिलाड़ी पिछले तीन मैचों में तीन बार डक पर आउट हुआ है, उस पर अपनी टीम में जगह बनाने का दबाव नहीं है। '

दक्षिण अफ्रीका के कोच ने अभिषेक शर्मा की खराब फॉर्म को भारतीय टीम की कमजोरी नहीं मानते हुए कहा कि एक की खराब फॉर्म से टीम कमजोर नहीं होती। टीम इंडिया मजबूत है, और उन्होंने अभिषेक का समर्थन किया है।

भारतीय टीम के खिलाफ दक्षिण अफ्रीका का टी20 में हालिया प्रदर्शन निराशाजनक रहा है। इस पर कॉनराड का कहना था कि द्विपक्षीय सीरीज और विश्व कप के मैचों में बहुत अंतर होता है।

# भारत से हार के बाद बदला पाकिस्तान का गेम प्लान, बाबर को 4 नंबर से हटाकर नीचे किया

**नई दिल्ली।** टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के ग्रुप मैच में पाकिस्तान को भारत के हाथों 61 रनों की हार का सामना करना पड़ा। शाहीन शाह अफरीदी ने भारत के खिलाफ टी-20 वर्ल्ड कप के लीग मैच में 2 ओवर में 31 रन देकर एक विकेट लिया था, जबकि बाबर सिर्फ 5 रन ही बना सके थे।

इसके बाद करो या मरो मुकाबले में पाकिस्तान टीम ने नामीबिया के खिलाफ तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी को प्लेइंग इलेवन से बाहर कर दिया, वहीं पूर्व कप्तान बाबर आजम को बल्लेबाजी क्रम में नीचे भेज दिया गया।

इन बदलावों को भारत से मिली हार का 'साइड इफेक्ट' माना जा रहा था, लेकिन टीम के मुख्य कोच माइक हेसन ने इन अटकलों को खारिज कर दिया है। उन्होंने शुक्रवार को मीडिया से बातचीत में स्पष्ट किया कि ये फैसले किसी हार की प्रतिक्रिया नहीं, बल्कि पूरी तरह टीम की रणनीति का हिस्सा थे।शाहीन की जगह सलमान मिर्जा को मौका देने की वजह शाहीन शाह अफरीदी को ड्रॉप किए जाने के सवाल पर कोच माइक हेसन ने कहा, 'यह कहना गलत होगा कि उन्हें खराब प्रदर्शन की वजह से बाहर किया गया। हमारा मानना था कि सलमान मिर्जा को मौका मिलना चाहिए, वे इसके हकदार थे। यह टीम की जरूरत के हिसाब से लिया गया फैसला था, कोई बड़ा बदलाव नहीं।'



पावरप्ले में बाबर का स्ट्राइक रेट चिंता का विषय बाबर आजम को ओपनिंग से हटाकर नीचे भेजने पर हेसन ने कहा, 'बाबर खुद इस बात को जानते हैं कि वर्ल्ड कप के पावरप्ले में उनका स्ट्राइक रेट 100 से भी कम है। टी-20 क्रिकेट में हमें पावरप्ले के दौरान इस तरह की धीमी बल्लेबाजी की जरूरत नहीं है।

# बांग्लादेश असिस्टेंट कोच ने असिफ नजरुल को झूठा कहा बोले- टी-20 वर्ल्ड कप 2026 बायकॉट पर यू-टर्न लिया

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश क्रिकेट टीम के सीनियर असिस्टेंट कोच मोहम्मद सलाहुद्दीन ने देश के पूर्व खेल सलाहकार असिफ नजरुल को कड़ी चेतावनी दी है और उन्हें झूठा बताया है। यह विवाद उस बयान को लेकर है जिसमें नजरुल ने 2026 टी-20 वर्ल्ड कप से भारत में खेलने का बायकॉट करने के फैसले को लेकर अपनी बात बदल दी।

शुरू में नजरुल ने कहा था कि बांग्लादेश सरकार ने सुरक्षा कारणों से टीम को भारत में मैच खेलने से मना किया। लेकिन बाद में यू-टर्न लेते हुए उन्होंने दावा किया कि यह निर्णय खुद खिलाड़ियों और बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने लिया था।

शिक्षक कम ही झूठ बोलते हैं सलाहुद्दीन ने कहा, इतनी साफ तौर पर झूठ बोला। मैं खुद एक शिक्षक हूं और आम तौर पर शिक्षक कम झूठ बोलते हैं। लेकिन जिस तरह उन्होंने खुलेआम ऐसी बातें कही, मैं इसकी कल्पना भी नहीं कर सकता। अब मैं खिलाड़ियों के सामने अपना चेहरा कैसे दिखाऊं?



उन्होंने आगे कहा, नजरुल ने पूरी तरह से यू-टर्न ले लिया। वह ढाका विश्वविद्यालय जैसे देश के सर्वोच्च शिक्षण संस्थान में शिक्षक हैं। मेरे देश के इतने बड़े संस्थान से जुड़े व्यक्ति का इस तरह झूठ बोलना हम स्वीकार नहीं कर सकते। पहले उन्होंने एक बात कही और बाद में पूरी तरह पलट गए।।

भारत में खिलाड़ियों के सुरक्षा की चिंता- नजरुल बांग्लादेश सरकार के पूर्व खेल मंत्री आसिफ नजरुल ने नेशनल टीम को भारत भेजने से मना किया था। उन्होंने कहा था, 'हम वर्ल्ड कप खेलना चाहते हैं, लेकिन भारत में हमारे खिलाड़ियों और सपोर्ट स्टाफ की सुरक्षा को लेकर चिंता है।

नए स्पोर्ट्स मिनिस्टर रिश्ते सुधारना चाहते हैं बांग्लादेश के नए स्पोर्ट्स मिनिस्टर अमीनुल हक क्ष्टष्ठ्ठ और भारत के साथ रिश्ते सुधारना चाहते हैं। उन्होंने गुरुवार को कहा कि वे इस मुद्दे को जल्दी सुलझाना चाहते हैं। उन्होंने बांग्लादेश के मौजूदा टी-20 वर्ल्ड कप में हिस्सा न लेने का जिक्र किया।

हक ने कहा था- शपथ लेने के बाद मैं पार्लियामेंट बिल्डिंग में भारत के डिप्टी हाई कमिश्नर से मिला। मैंने उनसे टी-20 वर्ल्ड कप पर बात की। यह एक अच्छी बातचीत थी। मैंने उनसे कहा कि हम इस मुद्दे को बातचीत से जल्दी सुलझाना चाहते हैं क्योंकि हम अपने सभी पड़ोसी देशों के साथ दोस्ताना रिश्ते बनाए रखना चाहते हैं।

# साल दर साल जी रहा हूं, दिसंबर 2026 तक संन्यास ले सकता हूं: नेमार

नई दिल्ली । ब्राजील के दिग्गज फुटबॉलर नेमार का करियर चोटों की वजह से प्रभावित रहा है। इंजरी से परेशान नेमार फुटबॉल को अलविदा कहने की सोच रहे हैं। नेमार ने शुक्रवार को ब्राजील के ऑनलाइन चैनल केज पर फुटबॉल से संन्यास लेने की संभावना जताई। उन्होंने कहा, 'मुझे नहीं पता कि अब से क्या होगा। मुझे अगले साल के बारे में भी नहीं पता। हो सकता है कि जब दिसंबर आए, तो मैं रिटायर होना चाहूं। मैं अब साल दर साल जी रहा हूं। '

नेमार ने कहा, 'यह वर्ल्ड कप का साल है। इसलिए बहुत जरूरी है। ब्राजील की राष्ट्रीय टीम के साथ-साथ मेरे लिए भी। '

34 साल के हो चुके नेमार ने पिछले महीने अपने बचपन के क्लब सैंटोस के साथ अपने अनुबंध का नवीनीकरण किया था। नेमार जनवरी 2025 में सैंटोस लौटे और टीम को ब्राजील की टॉप टीम बने रहने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने सीजन के आखिरी पांच मैचों में पांच गोल किए।



नेमार की हाल ही में घुटने की सफल सर्जरी हुई थी। वह बार-बार होने वाली चोटों से जूझ रहे हैं। इंजरी ने उनके करियर पर असर डाला है। ब्राजील के लिए अब तक के सबसे ज्यादा 79 गोल करने वाले नेमार अक्टूबर 2023 के बाद से राष्ट्रीय टीम के लिए नहीं खेले हैं। इससे आने वाले फुटबॉल विश्व कप में भी उनके खेलने पर सवाल है।

ब्राजील के मैनेजर कार्लो एंसेलोटी ने पिछले साल बार-बार कहा है कि 2026 वर्ल्ड कप के लिए सिर्फ पूरी तरह से फिट खिलाड़ियों पर ही विचार किया जाएगा। विश्व कप 11 जून से 19 जुलाई तक कनाडा, मैक्सिको और यूनाइटेड स्टेट्स में खेला जाना है।

नेमार ने 18 साल की उम्र में 2010 में ब्राजील की फुटबॉल टीम के लिए खेलना शुरू किया था। उस समय उनकी प्रतिभा को देखते हुए उन्हें दुनिया का अगला बड़ा सितारा माना जा रहा था। कई मौकों पर नेमार ने अपनी असाधारण प्रतिभा दिखाई भी, लेकिन इंजरी ने उनके करियर को बुरी तरह प्रभावित किया है। इंजरी ने उनके कई महत्वपूर्ण साल खराब किए और इस दौरान उनसे जूनियर रहे खिलाड़ी काफी आगे निकल गए।


## व्यापार

# 1 अप्रैल से कैश में टोल नहीं दे पाएंगे फास्टैग या यूपीआई से ही होगा पेमेंट

**नई दिल्ली।** नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया देश के टोल प्लाजा को पूरी तरह डिजिटल बनाने की तैयारी कर रही है। 1 अप्रैल 2026 से नेशनल हाईवे के सभी टोल प्लाजा पर कैश ट्रांजेक्शन को पूरी तरह बंद किया जा सकता है।

इसके बाद टोल का भुगतान केवल फास्टैग या यूपीआई जैसे डिजिटल माध्यमों से ही हो सकेगा। एनएचएआई का उद्देश्य टोल ऑपरेशन को ज्यादा पारदर्शी और सही बनाना है। अभी देश के 1,150 से ज्यादा टोल प्लाजा पर इलेक्ट्रॉनिक टोल कलेक्शन सिस्टम लागू है।

टोल प्लाजा पर भीड़ कम करने के लिए लिया गया फैसला एनएचएआई के अनुसार टोल प्लाजा पर कैश पेमेंट की वजह से अक्सर ट्रैफिक जाम की स्थिति बनती है। खास तौर पर पीक ऑवर्स (भीड़ वाले समय) में नकद लेनदेन के कारण गाड़ियों की लंबी लाइन लग जाती हैं और छुट्टे पैसों को लेकर विवाद भी होते हैं। डिजिटल पेमेंट पूरी तरह अनिवार्य होने से ये समस्या नहीं रहेगी।




98% गाड़ियों पर पहले से ही लगा है फास्टैग देश में फास्टैग का इस्तेमाल काफी तेजी से बढ़ा है। आंकड़ों के अनुसार, फिलहाल 98% से ज्यादा वाहनों में फास्टैग लगा हुआ है। नेशनल हाईवे शुल्क नियमों के मुताबिक, अगर कोई वाहन बिना एक्टिव फास्टैग के टोल प्लाजा की फास्टैग लेन में जाता है और नकद भुगतान करता है, तो उससे दोगुना टोल वसूला जाता है। वहीं, अगर कोई यूजर यूपीआई के जरिए भुगतान करता है, तो उसे लागू टोल दर का 1.25 गुना चार्ज देना होता है।

1,150 से ज्यादा टोल प्लाजा पर बदल जाएगा सिस्टम एनएचएआई का यह कदम देश के 1,150 से अधिक टोल प्लाजा और एक्सप्रेसवे पर लागू होगा। अथॉरिटी का मानना है कि पूरी तरह डिजिटल ट्रांजेक्शन होने से डेटा मैनेजमेंट में आसानी होगी और राजस्व की लीकेज भी रुकेगी। यह पहल सरकार के उस बड़े उद्देश्य का हिस्सा है जिसमें नेशनल हाईवे नेटवर्क को टेक्नोलॉजी से जोड़कर हाई-एफिशिएंसी वाला बनाना है।


# भारतीय मूल की आशा शर्मा माइक्रोसॉफ्ट गेमिंग की सीईओ बनीं

### 40 साल तक कंपनी के साथ रहे फिल स्पेंसर की जगह लेंगी

**नई दिल्ली।** भारतीय मूल की आशा शर्मा को माइक्रोसॉफ्ट गेमिंग का नया सीईओ नियुक्त किया गया है। वे लंबे समय से इस पद को संभाल रहे फिल स्पेंसर की जगह लेंगी। स्पेंसर लगभग 40 साल तक कंपनी के साथ रहने के बाद रिटायर हो रहे हैं। वें माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ सत्या नडेला को रिपोर्ट करेंगी।

**मेटा और इंस्टाकार्ट में लीडरशिप रोल निभा चुकी हैं आशा**

आशा शर्मा माइक्रोसॉफ्ट गेमिंग की कमान संभालने से पहले कंपनी के ही एआई प्लेटफॉर्म और प्रोडक्ट लीडरशिप टीम का हिस्सा थीं। इससे पहले वे मशहूर डिलीवरी फर्म 'इंस्टाकार्ट' में चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर और 'मेटा' में प्रोडक्ट लीडरशिप जैसे अहम पदों पर रह चुकी हैं।



आशा ने मिनेसोटा यूनिवर्सिटी के कार्लसन स्कूल ऑफ मैनेजमेंट से बिजनेस की डिग्री ली है। उन्हें बिजनेस स्केल करने और मुश्किल समय में टीमों को लीड करने का एक्सपर्ट माना जाता है।

नियुक्ति के बाद पहला आधिकारिक मेमो भेजा

आशा ने अपना पहला आधिकारिक मेमो भेजा है, जिसमें उन्होंने एक्सबॉक्स के भविष्य और गेमिंग में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के इस्तेमाल को लेकर अपनी विजन साफ कर दी है।

उन्होंने कहा आज मैं माइक्रोसॉफ्ट गेमिंग के ष्टश्वह्र के तौर पर अपनी नई जिम्मेदारी शुरू कर रही हूं। मैं इस वक्त दो चीजें एक साथ महसूस कर रही हूं: विनम्रता और काम को लेकर तेजी।

विनम्रता इसलिए क्योंकि इस टीम ने दशकों की मेहनत से कुछ बहुत ही शानदार खड़ा किया है। और काम में तेजी इसलिए क्योंकि गेमिंग की दुनिया बहुत बदलावों से गुजर रही है। मेरा पहला काम बहुत सीधा है: यह समझना कि यह सब कैसे काम करता है और इसे सुरक्षित रखना।

# अमेरिका ने लगाया भारी शुल्क, फिर भी भारत से व्यापार घाटा 58.2 अरब डॉलर तक बढ़ा

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तरफ से भारतीय निर्यात पर 50 प्रतिशत तक उच्च टैरिफ लगाने के बावजूद अमेरिका का भारत के साथ व्यापार घाटा बढ़कर 2025 में 58.2 अरब डॉलर हो गया। यह पहले 45.7 अरब डॉलर के करीब था। इस बात की जानकारी अमेरिकी सरकार ने टैरिफ पर तेज होती हलचल के बीच शनिवार को दी। बता दें कि अमेरिका का दिसंबर 2025 में कुल व्यापार घाटा (वस्तु और सेवा) 70.3 अरब डॉलर रहा, जो नवंबर में 53 अरब डॉलर था।

वहीं, दिसंबर में भारत के साथ व्यापार घाटा 5.2 अरब डॉलर रहा। पूरे साल 2025 के लिए अमेरिका का कुल व्यापार घाटा 901.5 अरब डॉलर रहा, जबकि 2024 में यह 903.5 अरब डॉलर था। इस दौरान अमेरिकी निर्यात 199.8 अरब डॉलर बढ़कर 3,432.3 अरब डॉलर हो गया और आयात 197.8 अरब डॉलर बढ़कर 4,333.8 अरब डॉलर पहुंच गया।



**अब समझिए वस्तु और सेवा का अंतर**

वस्तुओं के व्यापार में घाटा 25.5 अरब डॉलर बढ़कर 1,240.9 अरब डॉलर हो गया। वहीं, सेवाओं में अधिशेष 27.6 अरब डॉलर बढ़कर 339.5 अरब डॉलर रहा। 2025 में अमेरिका का व्यापार घाटा अन्य देशों के साथ इस प्रकार रहा-

यूरोपीय यूनियनः 218.8 अरब डॉलर, चीनः 202.1 अरब डॉलर, मैक्सिकोः 196.9 अरब डॉलर, वियतनामः 178.2 अरब डॉलर, ताइवानः 146.8 अरब डॉलर


**सुप्रीम कोर्ट ने रद्द किया अमेरिकी टैरिफ**

बता दें कि ये पूरा मामला तब सामने आया जब अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने ट्रंप के लगाए गए टैरिफ को गैर-कानूनी बताते हुए रद्द कर दिया। लेकिन इसके तुरंत बाद ट्रंप ने धारा 122 का इस्तेमाल करते हुए 150 दिनों के लिए अमेरिका में आयातित सामान पर 10 प्रतिशत अस्थायी टैरिफ लगा दिया। यह टैरिफ 24 फरवरी से लागू होगा।

# फोन-पे से बिना पिन डाले होंगे यूपीआई पेमेंट, फिंगरप्रिंट और फेस आईडी से कर सकेंगे 5000 तक का भुग

**नई दिल्ली।** डिजिटल पेमेंट दिग्गज फोन-पे ने अपने यूजर्स के लिए एक खास फीचर लॉन्च किया है। अब यूपीआई ट्रांजेक्शन करने के लिए बार-बार 4 या 6 अंकों का पिन डालने की जरूरत नहीं होगी। यूजर्स अपने स्मार्टफोन के बायोमेट्रिक ऑथेंटिकेशन यानी फिंगरप्रिंट या फेस आईडी का इस्तेमाल करके सीधे भुगतान कर सकेंगे।

फोन-पे ने बताया कि इस फीचर का मकसद पेमेंट को पहले से ज्यादा सुरक्षित और आसान बनाना है। फिलहाल यह सुविधा एंड्रॉयड यूजर्स के लिए शुरू की गई है, जिसे जल्द ही आईफोन यूजर्स के लिए भी रोलआउट किया जाएगा।




'शोल्डर सर्फिंग' से मिलेगा छुटकारा, भीड़ में भी सुरक्षित रहेगा पिन फोन-पे के अनुसार अक्सर भीड़भाड़ वाली जगहों पर पेमेंट करते समय 'शोल्डर सर्फिंग' (पीछे से किसी का पिन देख लेना) का खतरा रहता था। बायोमेट्रिक ऑथेंटिकेशन से यह रिस्क पूरी तरह खत्म हो जाएगा। इसके अलावा, कई बार यूजर्स अपना यूपीआई पिन भूल जाते हैं या गलत टाइप कर देते हैं, जिससे ट्रांजेक्शन फेल हो जाता है। 5,000 तक की लिमिट, उससे ज्यादा पर चाहिए होगा पिन कंपनी ने इस 'वन-टच' पेमेंट मेथड के लिए एक लिमिट तय की है। यूजर्स बायोमेट्रिक के जरिए ?5,000 तक के ट्रांजेक्शन कर पाएंगे। सुरक्षा के मद्देनजर, अगर भुगतान की राशि ?5,000 से ज्यादा होती है, तो सिस्टम पहले की तरह ही यूपीआई पिन मांगेगा।

# राजस्थान में फाइनल मतदाता सूची जारी 31 लाख से अधिक नाम लिस्ट से बाहर

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस




**जयपुर।** राजस्थान में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के समापन के बाद शनिवार को फाइनल मतदाता सूची जारी की गई। इस नई सूची से 31 लाख से अधिक नामों को बाहर किया गया है। वर्तमान में कुल मतदाताओं की संख्या 5,15,19,929 है। चुनाव आयोग के अनुसार, 27 अक्टूबर 2025 की सूची में कुल मतदाता 5,46,56,215 थे। एसआईआर प्रक्रिया के दौरान 41,84,891 नामों को ड्राफ्ट सूची में शामिल नहीं किया गया, जिससे 16 दिसंबर 2025 को जारी ड्राफ्ट सूची में कुल मतदाता 5,04,71,324 थे। ड्राफ्ट सूची के बाद 12,91,365 नए मतदाताओं को शामिल किया गया, जबकि 2,42,760 नामों को हटाया गया। 21 फरवरी को जारी अंतिम सूची में कुल मतदाताओं की संख्या 5,15,19,929 है, जो 27 अक्टूबर 2025 के मुकाबले 3,136,286 कम है। चुनाव आयोग ने आधिकारिक तौर पर जानकारी दी कि मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन में कुल मतदाताओं की संख्या 5,15,19,929 में से 2,69,57,881 पुरुष मतदाता और 2,45,61,486 महिला मतदाता हैं। इसके अलावा, 562 ट्रांसजेंडर मतदाता हैं। एसआईआर के बाद कुल 10,48,605 मतदाताओं की वृद्धि हुई है, जो 2.08 प्रतिशत है। जयपुर जिले में 3.45 प्रतिशत, फलौदी में 3.22 प्रतिशत, भरतपुर में 2.78 प्रतिशत, सिरोही में 2.72 प्रतिशत व बूंदी में 2.71 प्रतिशत कुल मतदाताओं में वृद्धि हुई है।आयोग के अनुसार, फाइनल मतदाता सूची में लिंगानुपात में 2 अंकों की वृद्धि हुई है, जो प्रारूप प्रकाशन के समय 909 से अंतिम प्रकाशन के समय 911 हो गया है। राज्य में जयपुर जिले में 7 अंक, कोटा में 6 अंक और अजमेर, सिरोही, डूंगरपुर, बूंदी, झालावाड़ व बारां में 4 अंक की वृद्धि हुई है। फाइनल मतदाता सूची में युवा मतदाताओं (18 से 19 वर्ष आयुवर्ग) की संख्या में 4,35,061 की वृद्धि हुई है, जो 0.82 प्रतिशत है। जयपुर जिले में 1.30 प्रतिशत, बाड़मेर में 1.26 प्रतिशत, भरतपुर में 1.22 प्रतिशत, फलौदी में 1.18 प्रतिशत तथा बूंदी में 1.09 प्रतिशत युवा मतदाताओं की संख्या में वृद्धि दर्ज की गई है।

## पश्चिमांचल 39वें युनिफेस्ट 2026 में भीलवाड़ा की अन्नु प्रजापत का श्रेष्ठ प्रदर्शन

**भीलवाड़ा।** स्थानीय आकृति कला संस्थान भीलवाड़ा एवं एमएलवी गर्वमेन्ट कॉलेज के युवा कलाकार अन्नु प्रजापत ने अर्न्तविश्वविद्यालय प्रतियोगिता पश्चिमांचल युनिफेस्ट 2026 में भाग लेकर ऑन द स्पोट पेन्टिग प्रतियोगिता में 5वां स्थान प्राप्त कर श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। जानकारी देते हुये संस्थान के सचिव कैलाश पालिया ने बताया कि अन्नु प्रजापत ने महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय अजमेर की तरफ से प्रतिनिधित्व किया, जिसमें राजस्थान, गुजरात, मणिपुर, आसाम आदि राज्यों के कुल 45 विश्वविद्यालय ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया। यह आयोजन सीवीएम विश्वविद्यालय आनंद (गुजरात) में आयोजित किया गया। जिसमें भीलवाड़ा की बेटी अन्नु प्रजापत ने ऑन द स्पोट पेन्टिग प्रतियोगिता में विषय ''प्रकृति के बदलते स्वरूप'' पर कृति का निर्माण किया।

# कान्हा रेस्टोरेंट पर छापेमारी में मिला 7.5-करोड़ का सोना सीज, 25 लाख कैश पर भी एक्शन

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस




जयपुर।राजस्थान की फेमस फूड चेन कान्हा रेस्टोरेंट पर इनकम टैक्स की कार्रवाई चौथे दिन शनिवार को भी जारी है। आयकर विभाग की ओर से अब तक 7.5 करोड़ रुपए कीमत का सोना और 25 लाख रुपए कैश सीज किया गया है।एसीबी सूत्रों के मुताबिक, कान्हा रेस्टोरेंट के जयपुर-मुम्बई सहित 33 ठिकानों पर बुधवार सुबह छापेमारी शुरू की गई थी। चार दिन चली इनकम टैक्स रेड में 26 ठिकानों पर टीमों ने सर्च पूरा कर लिया है। जयपुर के 7 ठिकानों पर आयकर विभाग की छापेमारी शनिवार को भी चालू है।जयपुर में शुक्रवार को एक ठिकाने पर रेड के दौरान आयकर विभाग की टीम को एक खुफिया कमरा मिला था। बड़ी दीवार के पीछे बने खुफिया कमरे में 10 छोटी-छोटी अलमारियां मिलीं। अलमारियों को खोलने पर उसमें 5 करोड़ रुपए कीमत की ज्वेलरी व 25 लाख रुपए कैश मिला था।आईटी टीम को छापेमारी में अब तक 11 करोड़ कीमत का सोना, 1.25 करोड़ रुपए कैश और 10 बैंक लॉकर मिल चुके हैं। कुछ हिसाब डॉक्यूमेंट पेश करने पर आयकर विभाग की ओर से 7.5 करोड़ रुपए कीमत का सोना व 25 लाख रुपए कैश सीज किया गया है। आगे की कार्रवाई में करोड़ों रुपए की चल-अचल संपत्ति मिलने की आंशका जताई गई है।

**बैंक लॉकर्स खोलकर वैल्यूएशन करवाई जाएगी**

माना जा रहा है कि आयकर विभाग की ओर से रविवार शाम तक रेड की कार्रवाई पूरी कर ली जाएगी। बैंक लॉकर्स को खोलने के साथ ही वैल्यूएशन की कार्रवाई की जारी है। कान्हा की ओर से संचालित होटलों में तीन साल में हुई आलीशान शादियों के रिकॉर्ड मों गए हैं।

# तीन दिवसीय तकनीकी कार्यशाला एवं औद्योगिक भ्रमण का आयोजन, एमओयू पर हस्ताक्षर

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**जयपुर।** सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ प्लास्टिक्स इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (सीआईपीईटी), जयपुर तथा कानोड़िया पी.जी. महिला महाविद्यालय, जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में विज्ञान संकाय के रसायन विभाग द्वारा 19 फरवरी से 21 फरवरी, 2026 तक तीन दिवसीय तकनीकी कार्यशाला एवं औद्योगिक भ्रमण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को प्लास्टिक प्रौद्योगिकी, औद्योगिक प्रक्रियाओं तथा आधुनिक मशीनरी के व्यावहारिक ज्ञान से परिचित कराना था।

कार्यक्रम के प्रथम दिवस (19 फरवरी) को महाविद्यालय परिसर में विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसमें डॉ. टी. सेंथिल (उप-प्राचार्य/तकनीकी अधिकारी, सीपेट) तथा डॉ. अज़मीरा बालू (सहायक तकनीकी अधिकारी, सीपेट) ने प्लास्टिक की भूमिका, उसके प्रकार, विभिन्न अनुप्रयोग, प्लास्टिक अपशिष्ट तथा उसके प्रबंधन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर सीपेट, जयपुर के निदेशक, संजय चौधरी एवं महाविद्यालय प्राचार्य, डॉ. सीमा अग्रवाल के मध्य एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए, जिसका उद्देश्य शैक्षणिक सहयोग को सुदृढ़ करना, छात्राओं के लिए इंटर्नशिप के अवसर उपलब्ध कराना तथा कौशल विकास कार्यक्रमों को बढ़ावा देना है। द्वितीय एवं तृतीय दिवस (20 एवं 21 फरवरी) को लगभग 50 छात्राओं ने विभाग की प्राध्यापिकाओं के साथ सीपेट परिसर का औद्योगिक भ्रमण किया।

इस दौरान छात्राओं को प्लास्टिक निर्माण की विभिन्न प्रक्रियाएँ, अत्याधुनिक मशीनरी, परीक्षण प्रयोगशालाएँ तथा उत्पादन इकाइयों का प्रत्यक्ष अवलोकन कराया गया। सीपेट के विशेषज्ञों द्वारा मशीनों के संचालन, गुणवत्ता परीक्षण तथा औद्योगिक कार्यप्रणाली की जानकारी प्रदान की गई।



## राजस्थान में अगले एक सप्ताह मौसम रहेगा साफ, गर्मी बढ़ेगी

**जयपुर।** राजस्थान में तापमान चढ़ने के साथ ही सर्दी कमजोर होने लगी है। मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर ने राज्य में अगले एक सप्ताह मौसम साफ रहने और तापमान में बढ़ोतरी होने से दिन में हल्की गर्मी रहने का अनुमान जताया है। राज्य के 6 शहरों का शुक्रवार को अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस या उससे ऊपर दर्ज हुआ। न्यूनतम तापमान 11 से 17 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज हुआ। आसमान साफ रहने से कल (शुक्रवार) अधिकांश हिस्सों में अच्छी धूप रही। पिछले 24 घंटे का मौसम देखें तो पश्चिमी राजस्थान के बाड़मेर, जालोर के एरिया में तेज धूप रहने से अधिकतम तापमान 2 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ोतरी दर्ज हुआ। कल (शुक्रवार) दिन में सबसे अधिक अधिकतम तापमान 33.4 डिग्री सेल्सियस बाड़मेर में दर्ज हुआ। बाड़मेर के अलावा जोधपुर में तापमान 31, फलोदी में 31.4, जैसलमेर में 30.3, पाली में 30.1 और जालोर में 31.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। इन शहरों में कल अधिकतम तापमान औसत से थोड़ा ऊपर रहा। जयपुर, अजमेर, भरतपुर, कोटा, उदयपुर संभाग के एरिया में भी कल दिन में तेज धूप रहने से लोगों को सर्दी से राहत रही। जयपुर में कल अधिकतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

# जोधपुरः प्रोफेसर (डॉ.) गोविंद प्रसाद गुप्ता बने बोर्ड ऑफ स्टडीज के चेयरमैन

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**जोधपुर।** डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जोधपुर में शैक्षणिक नेतृत्व को लेकर एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टिट्यूट ऑफ आयुर्वेद (क्क्लढ्ढ) के रोगनिदान विभागाध्यक्ष प्रोफेसर (डॉ.) गोविंद प्रसाद गुप्ता को सर्वसम्मति से 'बोर्ड ऑफ स्टडीज' का चेयरमैन नियुक्त किया गया है। सर्वसम्मति से हुआ चयन : आयुर्वेद संकाय के डीन प्रोफेसर महेंद्र कुमार शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित बोर्ड ऑफ स्टडीज की उच्च स्तरीय बैठक में यह निर्णय लिया गया। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने प्रोफेसर गुप्ता की योग्यता और अनुभव पर भरोसा जताते हुए उन्हें इस प्रतिष्ठित पद की जिम्मेदारी सौंपी। तीन वर्ष का रहेगा कार्यकाल : प्रोफेसर गुप्ता को दी गई यह नई जिम्मेदारी दोहरी भूमिका वाली होगी। वे अगले तीन वर्षों तक बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में नीतिगत निर्णय लेंगे। वे आगामी तीन वर्षों तक विश्वविद्यालय की एकेडमिक काउंसिल के सदस्य के रूप में भी अपनी महत्वपूर्ण सेवाएं प्रदान करेंगे।

अपनी नियुक्ति पर आभार व्यक्त करते हुए नवनियुक्त चेयरमैन प्रोफेसर (डॉ.) गोविंद प्रसाद गुप्ता ने कहाः 'मेरा मुख्य लक्ष्य विश्वविद्यालय में शैक्षणिक गुणवत्ता को बढ़ाना और शोध गतिविधियों को सुदृढ़ करना है। हम सब मिलकर आयुर्वेद शिक्षा को राष्ट्रीय ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक नई पहचान दिलाने के लिए समर्पित भाव से कार्य करेंगे। 'इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रोफेसर (वैद्य) गोविन्द सहाय शुक्ल सहित समस्त संकाय सदस्यों और स्टाफ ने प्रोफेसर गुप्ता को बधाई एवं उज्ज्वल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं। विशेषज्ञों का मानना है कि प्रोफेसर गुप्ता के नेतृत्व में विश्वविद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्थाओं को नया विस्तार मिलेगा।

# जयपुर में कांग्रेस कार्यालय की ओर मार्च के दौरान भाजपा युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं की पुलिस से झड़प

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



जयपुर। भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को जयपुर में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राज्य मुख्यालय की ओर मार्च करने की कोशिश की, जिस दौरान पुलिस से संक्षिप्त झड़प हुई। युवा मोर्चा के कार्यकर्ता शुक्रवार को नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित एआई समिट के दौरान भारतीय युवा कांग्रेस के कथित शर्टलेस प्रदर्शन के विरोध में प्रदर्शन कर रहे थे। इस घटना को लेकर राजनीतिक माहौल गरमा गया है। युवा मोर्चा ने पहले ही घोषणा कर दी थी कि वह शनिवार को कांग्रेस कार्यालय का घेराव करेगा। इसी क्रम में शनिवार सुबह कार्यकर्ता जयपुर के शहीद स्मारक पर एकत्र हुए और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद वे संसार चंद्र रोड होते हुए कांग्रेस कार्यालय की ओर पैदल मार्च करने लगे। जब प्रदर्शनकारी पार्टी मुख्यालय के नजदीक पहुंचे तो पुलिस ने उन्हें रोकने के लिए बैरिकेडिंग कर दी।

इस दौरान कुछ कार्यकर्ताओं ने बैरिकेड पार करने की कोशिश की, जिससे पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच हल्की धक्का-मुक्की हुई। हालांकि, स्थिति को जल्द ही नियंत्रित कर लिया गया।

युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शंकर गोरा ने प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस पर प्रधानमंत्री को निशाना बनाने और राष्ट्रीय हितों के खिलाफ काम करने का आरोप लगाया। इससे पहले शुक्रवार शाम को भी युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं ने जयपुर में राहुल गांधी का पुतला फूंका और कांग्रेस के खिलाफ नारेबाजी की थी।

शनिवार का यह मार्च नई दिल्ली में आयोजित एआई समिट से जुड़े घटनाक्रम के विरोध में भाजपा युवा मोर्चा के जारी प्रदर्शन अभियान का हिस्सा था। वहीं, भारतीय युवा कांग्रेस ने एक बयान में कहा कि उनका प्रदर्शन इस चिंता को उजागर करने के लिए था कि 'कॉरपोरेट हितों को राष्ट्रीय हितों पर प्राथमिकता दी जा रही है।'

संगठन ने यह भी आरोप लगाया कि सरकार की विदेश नीति का रुख कमजोर पड़ा है। युवा कांग्रेस ने प्रदर्शन को महंगाई और बेरोजगारी जैसे आर्थिक मुद्दों से भी जोड़ा और दावा किया कि देश का युवा वर्ग बढ़ती निराशा का सामना कर रहा है।



## महाराणा मेवाड़ पब्लिक स्कूल उदयपुर एक्सीलेंस अवॉर्ड 2026 से सम्मानित

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**उदयपुर।** शिक्षा के क्षेत्र में ऑल-राउंड डेवलपमेंट के लिए महाराणा मेवाड़ पब्लिक स्कूल, द सिटी पैलेस, उदयपुर को 'उदयपुर एक्सीलेंस अवॉर्ड 2026' से सम्मानित किया गया। यह प्रतिष्ठित सम्मान रेडियो सिटी 91.9 द्वारा आयोजित समारोह में विद्यालय को स्कूल एजुकेशन में बेहतरीन सर्वांगीण विकास की विशेष श्रेणी में प्रदान किया गया। यह उपलब्धि संस्थान की निरंतर गुणवत्ता, अनुशासित शैक्षणिक वातावरण और मूल्य-आधारित शिक्षा प्रणाली का प्रमाण है। यह गौरवपूर्ण सम्मान उदयपुर के श्रीजी हुजूर डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ की दूरदर्शी एवं विद्यार्थी-केंद्रित शैक्षणिक सोच से गहराई से जुड़ा है। उनके मार्गदर्शन में विद्यालय निरंतर उत्कृष्टता के नए मानक स्थापित कर रहा है। समारोह में विद्यालय की ओर से मानद निदेशक सतीश कुमार शर्मा ने यह पुरस्कार ग्रहण किया। उन्होंने इस सफलता का श्रेय अपने समर्पित विद्यार्थियों, सहयोगी अभिभावक समुदाय एवं प्रतिबद्ध शिक्षकों को दिया, जिनके संयुक्त प्रयासों से संस्थान की उत्कृष्ट परंपरा निरंतर सशक्त होती जा रही है।

उन्होंने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान विद्यालय के उस संकल्प को और सुदृढ़ करता है, जिसके अंतर्गत विद्यार्थियों को आत्मविश्वासी, संवेदनशील एवं भविष्य के लिए पूर्णतः तैयार नागरिक बनाने का लक्ष्य रखा गया है।

## विजय श्रीमाली स्मृति व्याख्यान 2026 का आयोजन

**उदयपुर।** मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के वाणिज्य एवं प्रबंधन अध्ययन महाविद्यालय में प्रथम प्रो. विजय श्रीमाली स्मृति व्याख्यान 2026 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलगुरु प्रो. बी. पी. सारस्वत ने की, जबकि मुख्य वक्ता पद्मश्री से सम्मानित समाजसेवी एवं नवाचारी प्रशासक श्री श्यामसुंदर पालीवाल रहे। अपने संबोधन में पालीवाल ने कहा कि समाज में वास्तविक परिवर्तन नीतियों या भाषणों से नहीं, बल्कि निरंतर किए गए कार्यों से आता है। उन्होंने पिपलांत्री मॉडल का उल्लेख करते हुए बताया कि खनन क्षेत्र से प्रभावित एक गांव को सतत विकास और स्वरोजगार के केंद्र के रूप में विकसित किया गया। इस मॉडल के तहत कन्या जन्म पर 111 पौधे लगाने की परंपरा ने पर्यावरण संरक्षण को सामाजिक चेतना से जोड़ा है। उन्होंने बताया कि पिपलांत्री में लगाए गए लाखों वृक्ष आज हजारों पक्षियों का आश्रय बन चुके हैं। कार्बन क्रेडिट के माध्यम से गांव को 1.5 करोड़ रुपये से अधिक की आय हो रही है, जो पंचायत स्तर पर देश में एक अभिनव प्रयास है। इसके अलावा बांस से उत्पाद निर्माण, आंवला, जामुन और एलोवेरा की खेती तथा उनसे जुड़े प्रसंस्करण उद्योगों ने स्थानीय रोजगार के अवसर बढ़ाए हैं और पलायन को रोका है।

पालीवाल ने कहा कि सच्चा नेतृत्व वही है, जो जिम्मेदारी को बोझ नहीं बल्कि कर्तव्य समझकर निभाए। उन्होंने लोकतंत्र की मजबूती, स्थानीय रोजगार और पर्यावरण संरक्षण को समानांतर रूप से आगे बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया।

# बारात में जा रही बोलेरो नहर में गिरी,दो की मौत व दो युवक लापता

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**हनुमानगढ़।** भिरानी थाना क्षेत्र के अजीतपुरा में बोलेरो गाड़ी बेकाबू होकर नहर में जा गिरी। हादसे में बोलेरो सवार एक युवक की डूबने से मौत हो गई, जबकि तीन युवक लापता हो गए। वहीं, एक युवक को सुरक्षित बचा लिया गया है। बोलेरो सवार सभी बारात में शामिल होने के लिए सागड़ा (भिरानी, हनुमानगढ़) जा रहे थे, सभी दूल्हे के दोस्त थे।

भिरानी थाना सीआई लखवीर सिंह ने बताया- घटना शुक्रवार रात 9 बजे की है। गाड़ी के अंदर पांच लोग सवार थे। मौके पर मौजूद कुछ लोगों ने एक युवक को बाहर निकाल लिया। जिसकी पहचान अनुराग (19) निवासी कानावासी, सादुलपुर के रूप में हुई। वहीं रात 10 बजे क्रेन की मदद से बोलेरो को बाहर निकाला। जिसमें एक युवक आशीष का शव मिला। वहीं, लापता युवकों की तलाश के लिए शनिवार सुबह करीब 9 बजे से सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया। इसके बाद शनिवार शाम 4 बजे दूसरे युवक अमित (24) पुत्र भीमाराम का शव बाहर निकाल लिया गया।

भिरानी सरपंच रामनिवास ने बताया- ग्रामीणों ने सूचना दी थी कि नहर में गाड़ी गिर गई है। जिसके बाद जेसीबी बुलाकर गाड़ी को बाहर निकाला व प्रशासन को सूचना दी।

## इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 : केन्द्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने राजस्थान पवेलियन का किया दौरा




हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** भारत मंडपम, नई दिल्ली में आयोजित इंडिया॰ढ्ढ इम्पैक्ट समिट 2026 के दौरान शनिवार को केन्द्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने 'राजस्थान पवेलियन' का दौरा किया। इस अवसर पर श्री वैष्णव को राजस्थान सरकार की कृत्रिम बुद्धिमत्ता (॰ढ्ढ) के क्षेत्र में प्रमुख पहलों की विस्तृत जानकारी दी गई। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान सरकार के इन नवाचारों में शासन में॰ढ्ढ का उपयोग, नागरिक-केंद्रित सेवाओं का डिजिटलीकरण, स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि एवं प्रशासनिक क्षेत्रों में॰ढ्ढ आधारित प्रयास शामिल हैं। अश्विनी वैष्णव ने राजस्थान सरकार के॰ढ्ढ-आधारित शासन को आगे बढ़ाने एवं राज्य में डिजिटल परिवर्तन को बढ़ावा देने वाले इन नवाचारी प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि राजस्थान के ये प्रयास भारत की समग्र॰ढ्ढ रणनीति के अनुरूप हैं, जो समावेशी, जिम्मेदार और नागरिक-केंद्रित विकास पर आधारित है।उल्लेखनीय है कि सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग द्वारा 'राजस्थान पवेलियन' में लगभग 20 स्टॉल्स के माध्यम से राज्य सरकार द्वारा राजस्थान में टेक्नोलॉजी के माध्यम से हो रहे नवाचारों को बखूबी प्रदर्शित किया गया। यह पवेलियन राजस्थान की॰ढ्ढ क्षमताओं और डिजिटल गवर्नेंस में प्रगति को राष्ट्रीय मंच पर प्रदर्शित करने का महत्वपूर्ण अवसर रहा।

## बंधन और मोक्ष का कारण है मन

एसकेमंगल



'मन एव मनुष्याणां कारणं बन्धमोक्षयोः' अमृतबिन्दु उपनिषद अर्थात मन ही मनुष्यों के बंधन और मोक्ष का कारण है। सांसारिक वासनाओं में फंसा हुआ मन बंधन है और कामनाओं से मुक्त मन ही मोक्ष है। जब मन चंचल और नकारात्मक होता है, तो यह बंधन बनाता है; जब यह स्थिर, शांत और ईश्वर में लीन होता है, तो मोक्ष दिलाता है। बंधन जब मन काम, क्रोध, लोभ, मद, मोह और सांसारिक सुख-सुविधाओं में आसक्त होता है, तब वह दुखों के चक्र में फंस जाता है। जब मन इन सांसारिक विकारों और इच्छाओं से ऊपर उठ निर्मल, शांत और परमेश्वर में एकाग्र हो जाता है, तब उसे मोक्ष की प्राप्ति होती है। अतः मन को हमेशा भगवान के ध्यान या अच्छी बातों में लगाएं। सांसारिक विषयों से मन को हटाकर ज्ञान की ओर ले जाएं। मन की चंचल वृत्तियों को अंतर्मुखी करके शांति प्राप्त करें।

मन ही वह चाबी है जो बंधन का द्वार खोलती है और वही मोक्ष का मार्ग प्रशस्त कर सकती है, इसलिए मन चंगा तो कठौती में गंगा। मन ही मनुष्यों के बंधन और मोक्ष का कारण है। सांसारिक सुख-भोग, इंद्रिय -आसक्ति में फंसा हुआ मन बंधन का कारण बनता है। विषयों से विरक्त, कामना-रहित, शुद्ध मन मोक्ष का कारण बनता है। मन इंद्रियों के पीछे भागता है, राग-द्वेष, लालच, क्रोध, अहंकार में उलझता है। यही संसार का जाल, जन्म-मृत्यु का चक्र है।

जब वही मन साधना, ध्यान, भक्ति, वैराग्य और विवेक से शुद्ध हो जाता है, भगवान या आत्मा में लग जाता है तो यही मोक्ष का मार्ग है। गीता में भगवान श्रीकृष्ण कहते हैं। मन बहुत चंचल और कठिन वश में करने वाला है। अभ्यास और वैराग्य से इसे नियंत्रित किया जा सकता है। श्री कृपालु जी महाराज ने भी बहुत सुंदर पंक्तियाँ कही हैं। बंधन और मोक्ष का, कारण मनहि बखान। याते कौनिउ भक्ति करु, करु मन ते हरिध्यान ॥ अर्थात् बंधन -मोक्ष का कारण मन ही है, इसलिए जो भी भक्ति करो, मन से हरि का ध्यान अवश्य करो। कुंजी है मन को जीतना। मन को जीत लिया तो सब जीत लिया।

# विधायक पटेल कोटपूतली विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर आज

## विभिन्न विकास कार्यो का करेगें शिलान्यास

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**कोटपूतली।** क्षेत्रीय विधायक हंसराज पटेल रविवार को कोटपूतली विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर रहेगें। इस मौके पर विधायक पटेल विभिन्न विकास कार्यो का षिलान्यास करेगें। पटेल 02.21 करोड़ की लागत से ग्राम पंचायत मोलाहेड़ा व पनियाला में पशु चिकित्सालय भवन एवं सड़क निर्माण कार्यों का शिलान्यास करेगें। जिनमें ग्राम पंचायत मोलाहेड़ा में 46.50 लाख रूपये की लागत के पशु चिकित्सालय भवन एवं 65 लाख रूपये की लागत से विधायक कोष से शहीद कैलाश गुर्जर की मूर्ति से खरकड़ी सीमा की ओर सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास करेगें। इसी प्रकार ग्राम पंचायत पनियाला में 46.50 लाख रूपये की लागत के पशु चिकित्सालय भवन एवं ग्राम पनियाला होली चैक से मठ मीणा की ओर सी.सी. सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास करेगें।



# स्वयंसेवकों ने पतंजलि उद्यान की साफ-सफाई की

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**कोटपूतली।** राजकीय एलबीएस पीजी महाविधालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष षिविर के 06वें दिन शनिवार को राष्ट्रीय सेवा योजना गीत के साथ बौद्धिक सत्र की शुरूआत की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य प्रो. राजेन्द्र कुमार सिंह ने स्वयंसेवकों को यूथ पॉर्लियामेंट में भाग लेने के लिये प्रोत्साहित किया। बौद्धिक सत्र के पश्चात् स्वयंसेवको ने पतंजलि उद्यान की साफ-सफाई की। प्लास्टिक मुक्त भारत की थीम पर अन्य छात्र-छात्राओं को जागरूक किया। संचालन कार्यक्रम अधिकारी प्रो. चन्दन सिंघल ने किया। कार्यक्रम अधिकारी प्रो. शीशराम मीणा ने तकनीकी सहयोग किया। कार्यक्रम अधिकारी प्रो. संदीप कुमार आर्य ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के संकाय सदस्य एवं स्वयंसेवक उपस्थित रहे। श्रमदान के पश्चात सांस्कृतिक सत्र में स्वयंसेवकों ने देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति दी।



# बहरोड़ में एक माह से पाइपलाइन लीकेज, लाखों लीटर पानी बर्बाद

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**कोटपूतली।** बहरोड़ शहर की इंदिरा कॉलोनी कट पर पिछले करीब एक महीने से पेयजल पाइपलाइन में लीकेज है। इसके कारण लाखों लीटर पानी व्यर्थ बह रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि जलदाय विभाग को कई बार शिकायत देने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं किया गया है। लीकेज के कारण सड़क पर गड्ढे में पानी भर जाता है। इससे सप्लाई के दौरान गंदा पानी मकानों की टंकियों तक पहुंचने की आशंका बनी रहती है। सड़क पर लगातार पानी भरने से कीचड़ और फिसलन की स्थिति भी बन गई है, जिससे दुर्घटना का खतरा बना हुआ है। अनिल गुप्ता, महेश यादव, नगर परिषद पार्षद अनिल चैहान, दिलीप यादव और रामेष्वर दयाल यादव ने बताया कि उन्होंने जलदाय विभाग के अधिकारियों को पाइपलाइन से पानी बहने के वीडियो और फोटो भी उपलब्ध कराए हैं। इसके बावजूद मरम्मत कार्य नहीं कराया गया। इस संबंध में जलदाय विभाग के एक्सईएन रामकिशोर यादव ने बताया कि उन्हें शिकायत मिली है। उन्होंने जेईएन को पाइपलाइन ठीक करने के निर्देश दे दिए हैं और आष्वासन दिया कि आज ही सप्लाई लाइन को दुरुस्त करा दिया जाएगा।

# बहरोड़ कृषि मंडी में 111 भूखंडों का आवंटन

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**कोटपूतली।** बहरोड़ कृषि उपज मंडी समिति ने मुख्य मंडी यार्ड के विस्तार की घोषणा की है। इसके तहत फल-सब्जी मंडी परिसर में 111 भूखंडों के आवंटन के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। यह आवंटन राज्य सरकार की अचल संपत्ति आवंटन नीति के अनुसार 30 वर्ष की लीज पद्धति पर किया जाएगा। मंडी सचिव संजय चैधरी ने बताया कि इन भूखंडों को विभिन्न आरक्षित श्रेणियों के लिए निर्धारित किया गया है। इनमें अनुज्ञापत्रधारी व्यापारी वर्ग, 'क' वर्ग दलाल, संयुक्त व्यापारी वर्ग, कृषक वर्ग, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, निशक्तजन और विधवा महिला वर्ग शामिल हैं। कुल 111 भूखंडों में से 88 भूखंड अनुज्ञापत्रधारी वर्ग के लिए और 22 भूखंड कृषक वर्ग के लिए आरक्षित हैं। इसके अतिरिक्त, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, निशक्तजन और विधवा महिलाओं के लिए भी विशेष प्रावधान किए गए हैं। राज्य की अन्य मंडियों के अनुज्ञापत्रधारी व्यापारी भी निर्धारित पात्रता के अनुसार आवेदन कर सकते हैं। इच्छुक आवेदक मंडी समिति कार्यालय से आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते हैं। आवेदन पत्र का शुल्क 200 रुपए और 18 प्रतिशत जीएसटी है। आवेदन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि 9 मार्च 2026 है। भरे हुए आवेदन पत्र, आवश्यक दस्तावेजों और 15 हजार रुपए की धरोहर राशि के साथ 12 मार्च 2026 को शाम 4 बजे तक मंडी समिति कार्यालय में जमा कराने होंगे। आवंटन प्रक्रिया निर्धारित नियमों और आरक्षित दर के अनुसार की जाएगी। अधिक जानकारी मंडी समिति कार्यालय में प्राप्त की जा सकती है।

# कोटपूतली-बहरोड़ में अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित, जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनीतिक दलों के साथ की बैठक

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**कोटपूतली।** भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के निर्देशानुसार अर्हता 1 जनवरी 2026 के संदर्भ में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 के अंतर्गत फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन 21 फरवरी 2026 को किया गया। अंतिम प्रकाशन के पश्चात जिला निर्वाचन अधिकारी (कलक्टर) प्रियंका गोस्वामी की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ जिला स्तर पर बैठक आयोजित की गई। बैठक में इस दौरान रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी कोटपुतली एवं एसडीएम रामावतार मीणा सहित इंडियन नेशनल कांग्रेस से जिला अध्यक्ष इंद्राज गुर्जर और विकास यादव, जगदीश मीणा, भारतीय जानता पार्टी से शिवचरण यादव और रमेश रावत, राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पाटज़् से देशराज पायला, आम आदमी पाटज़् से सुरेंद्र यादव सहित अन्य पाटज़् प्रतिनिधि मौजूद रहे। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी प्रियंका गोस्वामी ने सभी प्रतिनिधियों को जानकारी दी कि अर्हता दिनांक 01 जनवरी 2026 के संदर्भ में फोटोयुक्त मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन कर दिया गया है। इस संबंध में सार्वजनिक सूचना निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के कार्यालयों के नोटिस बोर्ड पर फॉर्म-16 में चस्पा कर दी गई है। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को जिले के सभी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की अंतिम निर्वाचक नामावली-2026 की एक सॉफ्ट कॉपी (फोटोरहित) तथा एक हार्ड कॉपी निःशुल्क उपलब्ध कराई गई। साथ ही यह भी बताया गया कि मतदाता सूची जिला निर्वाचन अधिकारी और मुख्य निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट तथा वोटर पोर्टल पर ऑनलाइन उपलब्ध है, जहां मतदाता म्च्ब् सर्च के माध्यम से अपना नाम देख सकते हैं। बैठक में बताया गया कि मतदाता सूची में नाम जोड़ना, हटाना और संशोधन एक सतत प्रक्रिया है। इसके लिए पात्र नागरिक फॉर्म-6, 7 और 8 के माध्यम से ऑनलाइन वोटर पोर्टल या संबंधित बीएलओ से संपर्क कर आवेदन कर सकते हैं।



# विधार्थी लक्ष्य निर्धारित कर नियमित अध्ययन कर आगे बढ़े - राधा पटेल

## विकसित भारत युवा संसद 2026 का जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**कोटपूतली।** राजकीय एलबीएस पीजी महाविधालय में शनिवार को विकसित भारत युवा संसद 2026 का जिला स्तरीय कार्यक्रम युवा मामले और खेल मंत्रालय भारत सरकार के सौजन्य से आयोजित किया गया। जिसका विषय आपातकाल के 50 वर्ष भारतीय लोकतंत्र के लिये सबक था। जिसके अंतर्गत जिले के महाविद्यालयों से 36 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण तथा द्वीप प्रज्जवलित कर किया गया। जिले की सभी राजकीय व निजी महाविद्यालयों के प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के निर्णायक के रूप में सेवानिवृत्त सह आचार्य कॉलेज शिक्षा डॉ. महावीर प्रसाद कुमावत, महात्मा गांधी शासन एवं समाज विज्ञान संस्थान के ओएसडी डॉ. हरबीर सिंह डागुर, विधायक प्रतिनिधि राधा पटेल, भाजपा नेता व पूर्व चेयरमैन एड. महेन्द्र कुमार सैनी, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अरुण सैनी ने विद्यार्थियों के विचारों का मूल्यांकन किया। प्राचार्य डॉ. आरके सिंह व संकाय सदस्यों ने अतिथियों का गुलदस्ता भेंटकर स्वागत किया। विधायक प्रतिनिधि राधा पटेल ने विधार्थियों को ऐसी प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्षन करने की बात कहते हुये उन्हें लक्ष्य निर्धारित कर नियमित अध्ययन कर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। डॉ. महावीर प्रसाद कुमावत ने प्रतियोगिता के 10 श्रेष्ठ सहभागियों के नाम की घोषणा की। प्रतिभागियों के नाम वरीयता क्रम में हर्ष यादव, धीरज यादव, आरुषी खंडेलवाल, आर्य कुरैशी, निकिता यादव, पायल जांगिड़, सानिया शाह, खुशबू सैनी, अंकिता यादव, अंशुल खण्डेलवाल हैं, ये 10 चयनित सहभागी राजस्थान विधानसभा में भाग लेंगे। तदुपरांत वहां से भारत की संसद में भाग लेने के लिये तीन प्रतिभागियों का चयन होगा। सभी प्रतिभागियों को 3-3 मिनट का समय दिया गया। सभी प्रतिभागियों ने अपने निश्चित समय के अंतर्गत इस विषय को बहुत ही व्यवस्थित तरीके से रखा। इसके बाद संवाद कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें अतिथिगणों से प्रतिभागियों ने प्रश्न किये और सभी अतिथियों ने उनका संतोषप्रद्ध जवाब दिया। प्राचार्य डॉ. आरके सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया। प्राचार्य डॉ. आरके सिंह ने कार्यक्रम के अंत में आयोजन के संयोजक डॉ. पीसी जाट, आईटी प्रभारी डॉ. देशराज यादव सहित समिति के सभी सदस्यों के उल्लेखनीय योगदान की सराहना की। संचालन विकसित भारत युवा संसद 2026 के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पीसी जाट ने किया। धन्यवाद ज्ञापित राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला समन्वयक अशोक सिंह ने किया।

# बानसूर पंचायत समिति को 6 माह बाद मिला विकास अधिकारी

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**कोटपूतली।** बानसूर पंचायत समिति में छह माह के लंबे इंतजार के बाद आखिरकार विकास अधिकारी की नियुक्ति कर दी गई है। ग्रामीण एवं पंचायती राज विभाग ने शुक्रवार देर शाम आदेश जारी कर सुनीता कुमावत को बानसूर पंचायत समिति का नया विकास अधिकारी नियुक्त किया है। इस पद के लंबे समय से खाली रहने के कारण पंचायत समिति के प्रशासनिक कार्य प्रभावित हो रहे थे। पिछले छह महीनों से विकास अधिकारी का पद रिक्त चल रहा था, जिससे कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों और विकास योजनाओं की स्वीकृति लंबित थी। इस दौरान व्यवस्था बनाए रखने के लिए विजय मिरवानी को कार्यवाहक विकास अधिकारी की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। उन्होंने नियमित कार्यों के साथ विकास योजनाओं की निगरानी भी की, लेकिन स्थायी अधिकारी के अभाव में निर्णय प्रक्रिया धीमी पड़ गई थी। अब स्थायी विकास अधिकारी की नियुक्ति के बाद पंचायत समिति क्षेत्र में विकास कार्यों को गति मिलने की उम्मीद है। ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने बताया कि लंबे समय से विकास योजनाओं की स्वीकृति और क्रियान्वयन में देरी हो रही थी।

# पाटन पुलिस ने रंगदारी गैंग के दो सदस्य पकड़े

**कोटपूतली।** पाटन पुलिस ने रंगदारी वसूलने वाले एक गिरोह के दो सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार किया है। यह कार्यवाही क्षेत्र में बढ़ती रंगदारी की घटनाओं के बाद की गई। पुलिस के अनुसार, यह गिरोह क्रेशर और खान मालिकों व व्यापारियों को धमकाकर बड़ी रकम वसूलता था। व्यापारियों को धमकाकर वसूलते थे रुपये-पाटन थानाधिकारी रमेश चंद्र मीणा ने बताया कि इंद्राज उर्फ टाइगर गैंग नीमकाथाना और उदयपुरवाटी के आसपास सक्रिय था। यह गिरोह क्रेशर एवं खान मालिकों और व्यापारियों को धमकाकर पैसे वसूलता था। पैसे न देने पर जान से मारने की धमकी दी जाती थी।

# वक्फ संपत्तियों के पंजीयन को लेकर जिला वक्फ कमेटी ने की अपील

सवाई माधोपुर। जिला वक्फ कमेटी सवाई माधोपुर ने जिले की सभी वक्फ संपत्तियों (मस्जिद, मदरसे, दरगाह व कब्रिस्तान) के पंजीयन को लेकर संबंधित लोगों से आवश्यक दस्तावेज जमा कराने की अपील की है। कमेटी अध्यक्ष असरार अहमद एडवोकेट ने बताया कि उम्मेद पोर्टल पर दर्ज वक्फ संपत्तियों में कई त्रुटियां सामने आई हैं, जिसके कारण कई संपत्तियां अभी भी आपत्ति की स्थिति में हैं।उन्होंने बताया कि राजपत्र के अनुसार जिले में 767 वक्फ संपत्तियां दर्ज की गई थीं, जिनमें से अब तक केवल 128 संपत्तियां ही स्वीकृत हुई हैं, जबकि शेष संपत्तियों के दस्तावेज अधूरे होने के कारण लंबित हैं। इसलिए संबंधित जिम्मेदार लोगों से आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत कर पोर्टल पर पंजीयन पूरा कराने को कहा गया है, ताकि संपत्तियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

# नये जिले को नये रूप में बनाने व संवारने के काम के साथ अनेक चुनौतियां व अनेक अवसर भी है - न्यायाधिपति रवि चिराणियां




## नवनिवार्चित जिला कार्यकारिणी का शपथग्रहण समारोह आयोजित

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**कोटपूतली।** कोटपूतली जिला न्यायालय परिसर में जिला अभिभाषक संघ कोटपूतली की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के शपथग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि राजस्थान उच्च न्यायालय के न्यायाधिपति रवि चिराणियां कार्यक्रम के अध्यक्ष जिला एवं सत्र न्यायाधीष रवि शर्मा विषिष्ट अतिथि जिला कलक्टर प्रियंका गोस्वामी व जिला पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र बिष्नोई शामिल हुऐ। इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में न्यायाधिपति रवि चिराणियां ने जिला अभिभाषक संघ के अध्यक्ष बजरंगलाल शर्मा, उपाध्यक्ष नरेन्द्र सिंह शेखावत, सचिव मुकेष कुमार यादव व कोषाध्यक्ष अजय सिंह तंवर को क्रमवार शपथ दिला कर बधाई देते हुऐ कहां कि न्यायिक परिवार कोटपूतली के समक्ष नये जिले को नये रूप में बनाने व संवारने के काम के साथ अनेक चुनौतियां व अनेक अवसर मौजूद है। साथ ही कहां कि वकिलों की नई पीढ़ी को नये सिरे से तैयार कर बडे व विषेष न्यायालयों के मुकदमों की पैरवी हेतु शीघ्र मजबूती से परिपक्व होना पडेगा। कोटपूतली-बहरोड जिले में सम्भावनाये अत्यधिक मजबूत है तथा भौगोलिक परिक्षेत्र भी राष्ट्रीय राजधानी के साथ ही अनेक राज्यों से लगता हुआ है, इस नाते न्यायिक परिवार की जिम्मेदारियां ओर अधिक बढ़ जाती है। न्यायमूर्ति ने शीघ्र न्याय के नाम पर अत्यधिक जल्दबाजी को गैर जरूरी बताते हुए पैरवी हेतु समुचित समय व तैयारी की वकालत की तथा कोटपूतली बहरोड न्यायिक परिक्षेत्र को आदर्ष न्यायिक जिला बनाने की जरूरत बताया। इस अवसर पर कार्यक्रम अध्यक्ष जिला एवं सत्र न्यायाधिष रवि शर्मा ने कोटपूतली-बहरोड के नये जिले को मजबूत व सर्वस्पर्षी न्यायिक व्यवस्था तथा आदर्ष न्यायिक जिला बनाने हेतु अपना संकल्प दोहराया साथ ही नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को बधाई देते हुए कार्यकारिणी एवं वकीलों को साथ व सहयोग लेकर शीघ्र ही सुव्यवस्थित न्यायिक व्यवस्था स्थापित करने की बात कहीं।

विशिष्ट अतिथि जिला कलक्टर प्रियंका गोस्वामी ने न्यायिक परिवार को सभी प्रकार से प्रसाानिक सहयोग व नई व्यवस्थाओं में सदैव समर्थन करते रहने तथा न्यायिको सर्व सुलभ बनाने हेतु साथ खडे रहने का आश्वासन दिया। विषिष्ट अतिथि जिला पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र बिष्नोई ने पूरे न्यायिक परिवार को हर सम्भव कानून व्यवस्था में सहयोग के आष्वासन के साथ अपराधों पर लगाम लगाने तथा अपराधिक गतिविधियों के शीघ्र खुलासे के साथ ही अपराधिक दर को लगातार घटाने की बात कहीं। इससे पूर्व न्यायमूर्ति रवि चिराणियां का जिला एवं सत्र न्यायाधिष रवि शर्मा, जिला कलक्टर प्रियंका गोस्वामी व जिला पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र बिष्नोई ने बुके भेंट कर स्वागत किया। जिला अभिभाषक संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों बजरंगलाल शर्मा, नरेन्द्र सिंह शेखावत, मुकेश कुमार यादव, अजय सिंह तंवर ने न्यायमूर्ति रवि चिराणियां, जिला एंव सत्र न्यायाधिष रवि शर्मा, जिला पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र बिष्नोई को साफा, माला व बुके द्वारा तथा जिला कलक्टर प्रियंका गोस्वामी का शॉल उढाकर व बुके भेंट कर स्वागत अभिनन्दन किया। जिला अभिभाषक संघ के अध्यक्ष बजरंगलाल शर्मा ने स्वागत भाषण में सम्बोधित करते हुऐ कहा कि सभी अतिथियों व उपस्थित अधिवक्ताओं व नागरिक बंधुओं का स्वागत करते हुए कोटपूतली-बहरोड जिले के न्यायिक परिवार को एक सूत्र में बांधे रखने का संकल्प लिया तथा शीघ्र ही पूरे कोटपूतली-बहरोड के न्यायिक परिवार की डायरेक्ट्री बनाने न्यायालय परिसर में भवन की व्यवस्था तथा शीघ्रता शीघ्र नये न्यायालय चलाने हेतु सभी प्रकार की व्यवस्थायें प्रषासनिक, सरकारी व उच्च न्यायालय के सहयोग से करने की बात कहीं।



# सह प्रभारी डॉ. अल्का सिंह गुर्जर के जन्मदिन पर की गौ सेवा

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**कोटपूतली।** भाजपा की राष्ट्रीय मंत्री एवं दिल्ली प्रदेश सह प्रभारी डॉ. अल्का सिंह गुर्जर के जन्मदिवस पर शनिवार को भाजपा ओबीसी मोर्चा के पूर्व प्रदेश महामंत्री एड. हीरालाल रावत के नेतृत्व में कालूहेड़ा पनियाला गौशाला में गौ सेवा की गई। इस मौके पर गौ माता को गुड़ एवं दलिया खिलाया गया। इस दौरान भाजपा नेता सावंतराम रावत, बुधराम गुर्जर, भाजपा ओबीसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष राजेश रावत, गोपाल शर्मा, पूरण गुर्जर सहित भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# नारेहड़ा से खाटूश्याम बाबा की 30वीं पदयात्रा रवाना

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**कोटपूतली।** निकटवर्ती ग्राम नारेहड़ा से खाटू श्याम बाबा की 30वीं पदयात्रा शनिवार को पूरे श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ श्री श्याम मंदिर से रवाना हुई। पदयात्रा के शुभारंभ से पूर्व पं. गोपाल जोशी ने विधिवत पूजा-अर्चना कर श्याम बाबा से मंगल यात्रा की कामना की।

इसके पश्चात श्याम भक्तों ने जयकारों के बीच पदयात्रा का शुभारंभ किया। पदयात्रा गांव के मुख्य मार्गो से डीजे की मधुर भक्ति धुनों के साथ निकाली गई। श्याम बाबा के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो उठा। मार्ग में ग्रामीणों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर पदयात्रियों का स्वागत किया, वहीं श्रद्धालुओं ने शीतल पेय और प्रसाद की व्यवस्था कर सेवाभाव का परिचय दिया। मंडल अध्यक्ष सोनू सिंह एवं कोषाध्यक्ष राहुल जोशी ने बताया कि पदयात्रा का प्रथम रात्रि पड़ाव झीर की चैकी स्थित बालाजी मंदिर में किया जायेगा।

इसके पश्चात 22 फरवरी को कांवट, 23 फरवरी को रिंगस तथा 24 फरवरी को खाटू श्याम जी पहुंचकर श्याम बाबा के दरबार में निशान चढ़ाये जायेंगे। इस दौरान डॉ. नृसिंह कांवत, मांगू सिंह, मंदिर पुजारी मगन शर्मा, प्रदीप अग्रवाल, रोहिताष सिंह, मनोज अग्रवाल, पूरण सिंह, पूरण शर्मा, बाबू सिंह, सुखपाल कांवत, भवानी सिंह, ओमप्रकाश जांगिड़, बनवारी सैनी, अजय सिंह, संजय जोशी, प्रशांत भारद्वाज, विजय शर्मा सहित बड़ी संख्या में श्याम भक्त उपस्थित रहे।



# बानसूर के बाबरिया गांव में पावर ग्रिड का विरोध

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**कोटपूतली।** बानसूर क्षेत्र के ग्राम बाबरिया में शनिवार को ग्रामीणों ने एक निजी कंपनी द्वारा प्रस्तावित बिजली पावर ग्रिड के विरोध में प्रदर्शन किया। हनुमानजी महाराज मंदिर परिसर में आसपास के गांवों के बड़ी संख्या में किसान और ग्रामीण एकत्रित हुए।

बिजली पावर ग्रिड का विरोध कर रहें हैं किसान-प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि निजी कंपनी कोटपूतली बहरोड़ ट्रांजिस्ट नीमराना-2 बाबरिया के बांध भराव क्षेत्र की खातेदारी सिंचित जमीन पर पावर ग्रिड स्थापित कर रही है। ग्रामीणों का कहना है कि यह क्षेत्र प्राकृतिक जल संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण जलभराव क्षेत्र है। किसानों ने आशंका जताई की इस निर्माण कार्य से जल स्त्रोतों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा, जिससे भविष्य में सिंचाई व्यवस्था और भूजल स्तर प्रभावित होगा। उन्होंने सवाल उठाया कि एक तरफ सरकार जल संरक्षण योजनाओं को बढ़ावा दे रही है, वहीं दूसरी तरफ ऐसे संवेदनशील क्षेत्र में निर्माण की अनुमति दी जा रही है।

किसानों ने जमीन बेचने का दबाव बनाने का आरोप लगाया-प्रदर्शनकारी किसानों ने यह भी आरोप लगाया कि कंपनी द्वारा जमीन बेचने के लिए उन पर दबाव बनाया जा रहा है।



# निर्वाचन अधिकारी ने राजनीतिक दलों को प्रक्रिया दावे-आपत्तियों के निस्तारण की जानकारी दी

## बानसूर में एसआईआर कार्यक्रम-2026 पर बैठक

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**कोटपूतली।** बानसूर विधानसभा क्षेत्र में एसआईआर कार्यक्रम-2026 के अंतिम प्रकाशन को लेकर एक बैठक आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता बानसूर के निर्वाचन अधिकारी एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अनुराग हरित ने की।

बैठक में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को कार्यक्रम की प्रक्रिया, दावों-आपत्तियों के निस्तारण और अंतिम प्रकाशन से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई। निर्वाचन अधिकारी अनुराग हरित ने बताया कि एसआईआर कार्यक्रम के तहत मतदाता सूची का पुनरीक्षण कार्य पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ किया जा रहा है। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों से अपील की कि वे मतदाताओं को सूची का अवलोकन करने और आवश्यक सुधार के लिए जागरूक करें।

इसका उद्देश्य अंतिम प्रकाशन से पहले सभी त्रुटियों को दूर करना है। बैठक में तहसीलदार गजेंद्र सिंह राठौड़, चुनाव प्रभारी पूर्ण यादव, आम आदमी पाटज़् से रामगोपाल यादव और कांग्रेस से भीमसिंह गुर्जर सहित भाजपा तथा अन्य राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।



धौलपुर...उद्घाटन समारोह के दौरान बोलते जिला कलक्टर धौलपुर श्रीनिधि बी टी एवं मौजूद भाजपा जिला अध्यक्ष राजवीर सिंह राजावत, भाजपा नेत्री नीरजा शर्मा, सीईओ जिला परिषद आव्हाद निवृत्ति सोमनाथ और एसीईओ जिला परिषद बी.आर. जाट

# सरस राजसखी मेले का हुआ उद्घाटन

## स्वयं सहायता की महिलाओं ने हमारे राज्य को ऊचाईयों तक पहुंचाया है : श्रीनिधि बीटी

## महिलाओं के समूह द्वारा उत्पादों का निर्माण उन्हें आत्मनिर्भर बना रहा है : प्रीति नायक

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

धौलपुर। राजीविका और जिला प्रशासन धौलपुर द्वारा आयोजित 'सरस राजसखी मेला' का भव्य उद्घाटन समारोह संपन्न हुआ। इस मेले में 50 से अधिक स्टॉल लगाए गए हैं, जहाँ महिलाएं अपने हस्तनिर्मित उत्पादों को प्रदर्शित कर रही हैं।

मुख्य अतिथि के रूप में जिला कलक्टर धौलपुर श्रीनिधि बी टी, न्यायाधीश प्रीति नायक, भाजपा जिला अध्यक्ष राजवीर सिंह राजावत, भाजपा नेता नीरजा शर्मा, सीईओ जिला परिषद आव्हाद निवृत्ति सोमनाथ और एसीईओ जिला परिषद बी.आर. जाट उपस्थित थे।मेले के उद्घाटन के दौरान जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी ने कहा कि स्वयं सहायता की महिलाओं ने हमारे राज्य को ऊचाईयों तक पहुंचाया है।


धौलपुर...न्यायाधीश प्रीति नायक मेले से खरीददारी करतीं


धौलपुर...जिला कलक्टर की धर्मपत्नी खरीददारी करतीं हुईं


धौलपुर...मेले में उत्पादों की जानकारी लेते जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी

इस दौरान न्यायाधीश प्रीति नायक ने कहा कि महिलाओं को स्वयं सहायता समूह द्वारा उत्पादों का निर्माण आत्मनिर्भर बना रहा है। यह एक खुशी की बात है इस मेले में दूर दूर से आईं महिलाओं द्वारा सामान की ब्रिकी कर राजस्थान की संस्कृति का उदाहरण दिख रहा है।

मेले का आयोजन जिला प्रशासन और राजीविका द्वारा किया जा रहा है। मेले में हर शाम सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जो दर्शकों को आकर्षित कर रहे हैं।

राजीविका और जिला प्रशासन धौलपुर के सभी नागरिकों से अपील करते हैं कि वे अपने परिवार के साथ इस मेले में आएं और महिलाओं द्वारा बनाए गए उत्पादों को देखें और खरीदें। यह मेला महिलाओं के सशक्तिकरण और उनके उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच है।मेले का आयोजन 21 से 27 फरवरी तक इंदिरा गांधी स्टेडियम बड़ी फील्ड, धौलपुर में किया जा रहा है। सभी नागरिकों से अनुरोध है कि वे इस मेले में भाग लें और इसे सफल बनाएं।

# चयनित पटवारियों का प्रशिक्षण एवं दस्तावेज सत्यापन कार्यक्रम घोषित

धौलपुर। राजस्व मण्डल राजस्थान, अजमेर द्वारा आयोजित पटवार सीधी भर्ती परीक्षा-2025 में अंतिम रूप से चयनित एवं जिला धौलपुर में आवंटित अभ्यर्थियों के प्रशिक्षण एवं दस्तावेज सत्यापन संबंधी कार्यक्रम की घोषणा कर दी गई है। जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी ने बताया कि चयनित अभ्यर्थियों का प्रशिक्षण अस्थायी पटवार प्रशिक्षण शाला, धौलपुर में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि जिन अभ्यर्थियों के रोल नंबर कार्यालय द्वारा जारी सूची में अंकित हैं, उन्हें दिनांक 23 फरवरी सोमवार,से 25 फरवरी बुधवार तक कार्यालय समय प्रातः 9:30 बजे से सायं 6:00 बजे तक जिला कलेक्ट्रेट धौलपुर के भू-अभिलेख अनुभाग, कक्ष संख्या 28 में अपने समस्त मूल दस्तावेजों सहित उपस्थित होना अनिवार्य है। प्रस्तुत मूल दस्तावेजों के आधार पर प्रमाण-पत्रों का सत्यापन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि चयनित अभ्यर्थियों को उपस्थित होते समय मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा जारी नवीन स्वास्थ्य प्रमाण पत्र साथ लाना अनिवार्य होगा।उन्होंने बताया कि अभ्यर्थियों को 50 रुपए के नॉन-ज्यूडिसियल स्टाम्प पर दहेज नहीं लेने/देने संबंधी शपथ पत्र,धूम्रपान/मद्यपान नहीं करने संबंधी शपथ पत्र ,संतान संबंधी घोषणा पत्र,आपराधिक प्रकरण लंबित/दोषसिद्धि नहीं होने संबंधी शपथ पत्र प्रस्तुत करने होंगे। इसके अलावा अभ्यर्थियों को दो नवीनतम पासपोर्ट आकार के फोटो तथा सेवा क्षतिपूर्ति बंधपत्र (बॉण्ड) भी प्रस्तुत करना होगा।उन्होंने बताया कि नियुक्ति आदेश की प्रति संबंधित चयनित अभ्यर्थियों को उनके निवास स्थान पर डाक द्वारा प्रेषित की जाएगी। साथ ही नियुक्ति आदेश कार्यालय से जारी होने के उपरांत जिला प्रशासन की आधिकारिक वेबसाइट पर भी उपलब्ध कराई जाएगी। अभ्यर्थी आवश्यकता होने पर कार्यालय से भी प्रति प्राप्त कर सकते हैं।उन्होंने ने सभी चयनित अभ्यर्थियों से निर्धारित तिथियों पर समयबद्ध रूप से उपस्थित होकर आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण करने की अपील की है।

# धौलपुर पुलिस ने वृद्ध महिला का खोया बैग लौटाया


धौलपुर..महिला को खोया हुआ लोटाया बैग

## एक घंटे में किया बरामद, सायबर सेल पुलिस की त्वरित कार्रवाई से मिली सफलता

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

धौलपुर। पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा के सुपरविजन में धौलपुर पुलिस निरंतर वांछित आरोपियों की धरपकड़, अवैध गतिविधियों की रोकथाम सहित आमजन की सुरक्षा व सहायता में पूरी तरह मुस्तैद है। धौलपुर पुलिस ने एक वृद्ध महिला का खोया हुआ बैग मात्र एक घंटे के भीतर बरामद कर उसे सुरक्षित लौटा दिया है।

जानकारी के अनुसार 20 फरवरी को गुजरात में मजदूरी करने वाली वृद्ध महिला शांति पत्नी गिर्राज सिंह जाति कुशवाह निवासी मसूदपुर थाना सदर धौलपुर सुबह 6:00 धौलपुर रोडवेज बस स्टैंड से एक ओटो से अपने गांव मसूदपुर के लिए रवाना हुई और बैग को सीट के पीछे रख लिया लेकिन जब महिला गांव में पहुंची तो बैग ओटो में नहीं था।

ध्यान से देखा तो ओटो में सीट के पीछे की तरफ का पर्दा फटा हुआ था। महिला और परिजनों ने फिर वापिस उस रास्ते पर बैग को काफी खोजा लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। इसके बाद सुबह 9:30 पर महिला अपने परिजनों के साथ पुलिस अधीक्षक कार्यालय धौलपुर पहुंची तो पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन में सायबर सेल प्रभारी नरेन्द्र कुमार हैंड कानि के नेतृत्व में कानि. हरवेंदर सिंह तत्परता से तकनीकी संसाधनों के उपयोग से बैग की तलाश में रवाना हुए और सैंपल रोड पर एक नाले में बैग मिला जिसको पुलिस टीम द्वारा महिला व परिजनों को चैक किया गया तो उसमें पूरे 1 लाख रुपए, सोने की बारी, चांदी के बीछिया व पायल एवं मोबाइल सुरक्षित मिले, जिसे महिला को महज एक घंटे में सकुशल सुपुर्द किया गया। पुलिस की इस तत्परता और मानवीय पहल से क्षेत्र में आमजन का पुलिस पर भरोसा और मजबूत हुआ है। सायबर सेल टीम की कार्रवाई में कानि. हरवेंदर सिंह की विशेष भूमिका रही।

# देश को तकनीकी सक्षम बनने से कांग्रेस रोक रही है : राजवीर सिंह राजावत

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

धौलपुर। भाजपा जिला अध्यक्ष राजवीर सिंह राजावत ने एक बयान जारी कर कांग्रेस के प्रति नाराजगी जाहिर की उन्होंने कहा कि 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में कहा कि भारत नई टेक्नोलॉजी बनाता है और उसे तेजी से अपनाता भी है। उन्होंने एआई को मानव इतिहास की सबसे क्रांतिकारी तकनीक बताया और कहा कि यह एक परिवर्तनकारी शक्ति है जो दिशाहीन होने पर व्यवधान उत्पन्न करती है,



लेकिन सही दिशा मिलने पर समाधान बन जाती है ', राजावत ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिन रात देश की तरक्की के लिए प्रयासरत है दूसरी तरफ कांग्रेस देश की तरक्की में अवरोध बन रही है कांग्रेस के कार्यकर्ता लोक लाज त्याग कर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं , विरोध प्रदर्शन में शामिल कार्यकर्ताओं ने शर्ट उतारकर और नारे लगाकर अपना विरोध जताया, इस तरह के विरोध प्रदर्शन से देश की गरिमा को धक्का लगता है और देश की छवि खराब हुई है। एआई समिट के दौरान हुए विरोध प्रदर्शन की हम इसकी कड़े शब्दों में निंदा करते हैंद्य हम कांग्रेस को देश की तरक्की में रुकावट नहीं बनने देंगे।

# अवैध रूप से रेता बजरी का परिवहन कर रहे चार ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

धौलपुर। जिले में पुलिस ने अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए चम्बल नदी से अवैध रूप से रेता बजरी का परिवहन कर रहे चार ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त किए हैं। यह कार्रवाई थाना कोतवाली धौलपुर और डीएसटी टीम द्वारा गांव गमा, शेरगढ़ किले के पास नाकाबंदी के दौरान की गई।

राजघाट चम्बल की ओर से धौलपुर की तरफ आ रहे इन ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को रोककर जांच की गई। जांच में पाया गया कि इनमें अवैध रूप से चम्बल रेता बजरी का परिवहन किया जा रहा था, जिसके बाद उन्हें जब्त कर लिया गया। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक धौलपुर विकास सांगवान के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा के मार्गदर्शन और वृत्ताधिकारी धौलपुर कृष्णराज जांगिड़ के सुपरविजन में हुई। थाना प्रभारी वीरेन्द्र सिंह मीना के नेतृत्व में कोतवाली थाना पुलिस और डीएसटी टीम ने संयुक्त रूप से इसे अंजाम दिया।पुलिस ने चारों ट्रैक्टर-ट्रॉली चालकों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 303(2), 112(2) के साथ-साथ वन्यजीव संरक्षण अधिनियम की धारा 29/51 और फॉरेस्ट एक्ट की धारा 41, 42 के तहत मामला दर्ज किया है। मामले में आगे की जांच जारी है।



पुलिस अधिकारियों के अनुसार, अवैध चम्बल रेता खनन से चम्बल घड़ियाल संरक्षित क्षेत्र को गंभीर नुकसान पहुंच रहा है। इसी को देखते हुए रेता माफियाओं के पारगमन मार्गो पर लगातार निगरानी रखी जा रही है और ऐसी गतिविधियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जा रही है।जब्त किए गए माल में चार ट्रैक्टर-ट्रॉली मय चम्बल रेता बजरी शामिल हैं। इस कार्रवाई में शामिल पुलिस टीम में थाना प्रभारी वीरेन्द्र सिंह मीना, सागरपाड़ा पुलिस चौकी प्रभारी अशोक कुमार, एएसआई होरीलाल, एएसआई लोकेन्द्र सिंह, एएसआई कृष्णअवतार और कॉन्स्टेबल गीतम सिंह शामिल थे।

# श्रीमद् अग्र भागवत कथा खण्डार सवाई माधोपुर में

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



धौलपुर। अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन पूर्वी राजस्थान के जिला सवाई माधोपुर की खंडार ईकाई में पांच दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन 22 फरवरी से 26 फरवरी तक होगा जिसमें अग्रवाल सम्मेलन के पूर्वी राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष गिरीश कुमार गर्ग मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे प्रदेश कोषाध्यक्ष राजेश गर्ग ने बताया कि श्रीमद् अग्र भागवत कथा भागवत भूषण पंडित बालकृष्ण शास्त्री इंदौर वालों के मुखारविंद से होगा जिसमें प्रदेश अध्यक्ष गिरीश कुमार गर्ग के साथ प्रदेश कोषाध्यक्ष राजेश कुमार गर्ग प्रदेश उपाध्यक्ष विष्णु सिंगल राजकमल बिंदल धौलपुर समाज संस्थान कोषाध्यक्ष आदि शामिल होंगे।

# आम रास्ते पर कीचड़ से छात्रों की परेशानी की नहीं हो रही सुनवाई


धौलपुर..कीचड़ भरे रास्ते से गुजरते विद्यार्थी

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

धौलपुर। एक तरफ सरकार पढ़ेगा इंडिया तो बढ़ेगा इंडिया का नारा दे रही है वही सैंपऊ उपखंड के गांव नुनेहरा में स्कूल जाने वाले रास्ते पर 12 महीना जल भराव और कीचड़ से छात्र-छात्राओं को स्कूल तक पहुंचने में भारी मशक्कत और परेशानी का सामना करना पड़ रहा है गांव के मोहल्लों से निकलने वाले दूषित पानी की निकासी की कोई व्यवस्था नहीं होने से सारा पानी स्कूल जाने वाले रास्ते में भरा हुआ रहता है

ग्रामीणों का कहना था कि 5 साल से इस ये समस्या से परेशान है गांव के छात्र छात्राएं और स्कूल के अध्यापक लेकिन जब इस समस्या को नुनहेरा गांव के युवा करन परमार के नेतृत्व में ग्रामीण और छात्र-छात्राओं के साथ धौलपुर प्रशासन को भी इस समस्या से अवगत करा दिया गया है लेकिन 5 साल बाद जो धौलपुर प्रशासन ने कार्यवाही की 4 घंटे जेसीबी चला कर 40 फुट रास्ता साफ कराने में नाकाम रहे स्थानीय प्रशासन 20,25 फुट रास्ता ही साफ करा पाए स्कूल के छात्र-छात्राओं ने बताया कि हम इस समस्या को 5 साल से झेल रहे हैं खेतों की पगडंडी से हम स्कूल आते थे लेकिन किसानों के द्वारा अब तारबंदी और करंट के तार लगा दिए गए हैं इस कारण हम अब स्कूल भी नहीं जा पा रहे

एसडीएम पटवारी सेक्रेटरी सरपंच के द्वारा 40 फुट का रास्ता दिया लेकिन आज भी दबंगों द्वारा 40 फुट रास्ता नहीं होने दिया, ग्रामीणों का कहना था कि गिरने से विद्यार्थी हो रहे चोटिल कई बार छात्र-छात्राएं स्कूल पहुंचने के दौरान कीचड़ में फंसकर गिर जाते हैं कपड़े गंदे होने के कारण वापस घर के लिए लौटना पड़ता है 12वीं तक स्कूल है बोर्ड क्लास की एग्जाम चल रही है फिर भी इस रास्ते की स्थिति नहीं सुधार पाए करन परमार ने बताया इस समस्या की जानकारी गांव के युवा साथियों के साथ धौलपुर कलेक्ट्रेट पहुंचकर कलेक्टर को दी। जिला कलेक्टर ने सैंपऊ उपखंड के एसडीएम के इस समस्या का समाधान के लिए भेजा उन्होंने सेक्रेटरी को 40 फुट रास्ता साफ करने और स्कूल के सामने गड्ढे में भरे हुए पानी की चारों तरफ तार बाउंड्री के आदेश दिएद्ध

लेकिन आज ना ही नाप तोल के अनुसार 40 फुट रास्ता साफ़ हुआ ना ही गड्ढे की चारों तरफ तार बाउंड्री हुई जब रास्ता बनवाने के लिए बात की तो बजट नहीं है ये बात बोलकर लौटना पड़ता है ग्रामीणों का कहना है कि जल्द ही उन्हें इस समस्या से छुटकारा दिलाया जाए

# परमात्मा की प्राप्ति ही मनुष्य का सबसे बड़ा लाभ है -ज्ञानेंद्र

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

राजाखेड़ा। घर घर गीता का प्रचार हो जन अभियान के अंतर्गत सैनिक कॉलोनी में राजीव शर्मा के पुत्र के जन्मदिन के उपलक्ष्य में विश्व गीता प्रतिष्ठानम् द्वारा उनके आवास पर गीता स्वाध्याय किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ मुख्य यजमान राजीव शर्मा द्वारा भगवान कृष्ण के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण से हुआ। जिला संयोजक विष्णु कुमार शर्मा एवं दुर्गा दत्त शर्मा द्वारा सामूहिक रूप से सस्वर स्वाध्याय पत्र का वाचन किया गया। प्रमोद मिश्रा द्वारा सुभाषित की प्रस्तुति की गई जिसमें उन्होंने पंचतंत्र की एक छोटी कहानी के माध्यम से मिलने वाली शिक्षाओं का वर्णन किया। इसके बाद ज्ञानेंद्र सिंह द्वारा गीता के अध्याय 6 के 20वें श्लोक से लेकर 28 में श्लोक तक व्याख्या की गई। उन्होंने बताया कि किस तरह योगी का चित्र समस्त विषयों से उपराम (विषयों से रहित) होकर परमात्मा के चिंतन में रहता है, योगी सभी विषयों से अपने मन को उपराम (विरक्त) कर लेता है। गीता के सूत्रों के माध्यम से ज्ञानेंद्र सिंह ने कार्यक्रम में उपस्थित छात्र -छात्राओं को भी व्यवहारिक अर्थ समझाया एवं नित्य प्रति एक या दो श्लोक पढ़ने का आग्रह किया। अंत में गीता जी की आरती एवं प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर महेंद्र बाबू तिवारी, राजेंद्र सिंह भदोरिया,आनंद त्रिपाठी, महेंद्र दीक्षित, बलदेव शर्मा, दुर्गा दत्त शर्मा, अमित चौधरी, कुलदीप राजावत, सुरेंद्र पराशर, सेठी महदोली, अवनीश शर्मा, दिनेश पाराशर, चंद्रभान शास्त्री, राम तिवारी, प्रहलाद शर्मा, धन देवीशर्मा, राखी शर्मा, सरोज शर्मा, सीमा शर्मा, अनुष्का शर्मा, रंजन शर्मा राजेश कांकर उपस्थित रहे।





# एसाईआर अंतिम प्रकाशन को लेकर राजनैतिक दलों की बैठक आयोजित

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

बसेड़ी। भारत निवार्चन आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र बसेडी के 240 मतदान केन्द्रों पर शनिवार को मतदाता सूचियों का अन्तिम प्रकाशन किया गया। इस संबंध में राजनैतिक दलों की बैठक एसडीएम बसेड़ी सुरेन्द्र प्रसाद की अध्यक्षता में आयोजित की गई। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी एसडीएम सुरेन्द्र प्रसाद ने बताया कि शनिवार को मतदाता सूचियों के अन्तिम प्रकाशन के दौरान निर्धारित प्रारूप 16 में प्रकाशन की सूचना चस्पा की गई तथा राजनैतिक दलों के साथ बैठक का आयोजन उपखण्ड कार्यालय बसेडी में किया गया। बैठक में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को 21 फरवरी 2026 की अन्तिम प्रकाशन मतदाता सूचियों की हार्डकॉपी एवं सॉफ्ट कॉपी प्रदान की गई तथा उन्हें अवगत कराया गया कि अंतिम प्रकाशन के पश्चात भी निरंतर अद्यतन के दौरान 04 अर्हता दिनांक 01 जनवरी, 01 अप्रैल, 01 जुलाई, 01 अक्टूबर के संदर्भ में नया नाम जुड़वाने अथवा त्रुटि सुधार हेतु निर्धारित प्रपत्र-6 अथवा 8 अनुलग्नक-4 के साथ संबंधित बीएलओ के माध्यम से अथवा ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। बैठक के दौरान बीजेपी, कांग्रेस, बसपा, आप इत्यादि राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# घरेलू गैस के दुरुपयोग पर कार्रवाई कर 11 सिलेंडर जब्त



धौलपुर। घरेलू गैस के दुरुपयोग एवं कालाबाजारी पर रोक लगाने के लिए राज्य स्तर पर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत आज धौलपुर शहर के पुराने बस स्टैंड स्थित चौपाटी क्षेत्र में जिला रसद कार्यालय की प्रवर्तन टीम ने सघन जांच कार्रवाई की। जांच के दौरान चौपाटी क्षेत्र में संचालित एक व्यावसायिक प्रतिष्ठान पर घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यवसायिक उपयोग पाया गया। नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई करते हुए टीम ने मौके से कार्यवाही करते हुए 11 प्रतिष्ठानों से 11 घरेलू गैस सिलेंडर, रेगुलेटर, नली एवं अन्य उपकरण जब्त कर लिए। जिला रसद अधिकारी मणि खींची ने बताया कि घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग केवल घरेलू प्रयोजनों के लिए ही किया जा सकता है। व्यावसायिक गतिविधियों में घरेलू गैस का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित है। संबंधित संचालक को आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने एवं भविष्य में नियमों की पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि अभियान के तहत घरेलू गैस का अवैध भंडारण, व्यवसायिक दुरुपयोग, अवैध विक्रय एवं कालाबाजारी करने वालों के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 के प्रावधानों के अंतर्गत कठोर कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। जांच दल में प्रवर्तन अधिकारी गजेन्द्र बाबू शर्मा एवं जगदीश प्रसाद शर्मा तथा प्रवर्तन निरीक्षक जितेन्द्र गोठवाल शामिल रहे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक - चन्द्रप्रकाश शिवहरे के लिए आकाशदीप प्रिंटर्स एण्ड पब्लिशर्स, सेक्टर 11 अग्रवाल फार्म, जयपुर (राज.) राजस्थान से मुद्रित एवं जी-१, गंगासागर अपार्टमेंट, बी-192, गंगासागर कॉलोनी, आम्रपाली मेन रोड, वैशाली नगर जयपुर (राज.) से प्रकाशित आर.एन.आई. नं. RAJHIN/2013/48948
प्रधान सम्पादक चन्द्रप्रकाश शिवहरे मोबा. 9425126060 । स्थानीय संपादक गौतम गोस्वामी मोबा. 9772455444, : पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए स्थानीय सम्पादक जिम्मेवार। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर न्यायालय होगा।